● वर्ष : 17 ● अंक : 160 ● मूल्य : 02 रुपया मात्र ● पृष्ठ : 08

LKS

RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928
www.loktantrakishaan.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

दिल्ली से प्रकाशित मंगलवार 31 मार्च 2026 लोकतंत्र का स्तंभ

# बस्तर से लाल आतंक खत्मः शाह

## हथियार उठाने वालों को बख्शेंगे नहीं; एक साल पहले कहा था- 31 मार्च तक नक्सलवाद खत्म होगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लोकसभा में नक्सलमुक्त भारत के लिए सरकार के प्रयासों पर जवाब दे रहे हैं। उन्होंने कहा- संसद में आज 1970 से 2026 के दौरान हुए नक्सलवाद के घटनाक्रम पर चर्चा हो रही है। आदिवासी सालों से चाहते थे कि उनकी परेशानी सामने आए लेकिन उन्हें इसका मौका नहीं दिया गया। शाह ने कहा- जो लोग नक्सलवाद की वकालत करते हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूं ये सब 1970 से अबतक क्यों नहीं हुआ। मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि 75 साल में 60 साल तो आपने राज किया तो आदिवासी विकास से क्यों बच गए। अब हिसाब मांग रहे हो। अपने गिरेबान में झांककर देखिए। संसद में सोमवार को नक्सलवाद से मुक्त भारत पर चर्चा हो रही है। यह चर्चा सरकार की तरफ से दी गई डेडलाइन खत्म होने से एक दिन पहले हो रही है। शाह कई बार 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म करने की घोषणा कर चुके हैं।

लोकसभा में बजट सत्र के दौरान सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपए की गिरती कीमत को लेकर विपक्ष और सरकार के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए जोरदार हंगामा किया, जिस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, कि भारतीय रुपया अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

वित्त मंत्री सीतारमण ने सदन में स्पष्ट किया कि देश की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भारत का फिस्कल डेफिसिट नियंत्रण में है और विदेशी मुद्रा भंडार भी पर्याप्त स्तर पर मौजूद है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की कृषि और मेहनतकश जनता के योगदान को कमतर आंकना उचित नहीं है। उन्होंने कहा, हमें देश और जनता की मेहनत के साथ खड़ा रहना चाहिए, न कि उसे कमजोर बताना चाहिए। इस दौरान सांसद धर्मेंद्र यादव ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात सुनता है, लेकिन रुपए की लगातार गिरावट उनकी लोकप्रियता को प्रभावित कर रही है। इस पर पलटवार करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि हाल ही में हुए एक वैश्विक सर्वे में प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में सामने आए हैं। सदन में शोर-शराबे के बीच वित्त मंत्री सीतारमण ने यह भी कहा कि जब सरकार जवाब दे रही हो, तो विपक्ष को उसे ध्यान से सुनना चाहिए। उन्होंने दोहराया कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों, विशेष रूप से मिडिल ईस्ट संकट के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर बनी हुई है। वहीं, लोकसभा में सोमवार को देश को नक्सलवाद से मुक्त करने के लक्ष्य पर भी चर्चा प्रस्तावित है।

## लोकसभा से दिवाला और दिवालियापन संहिता (संशोधन) विधेयक-2025 पारित



**नई दिल्ली।** लोकसभा ने सोमवार को ध्वनि मत से हितधारकों के बीच व्याख्या संबंधी मुद्दों को सुलझाने के लिए लाया गया दिवाला और दिवालियापन संहिता (संशोधन) विधेयक-2025 पारित कर दिया। इस विधेयक का उद्देश्य दिवाला और दिवालियापन संहिता-2016 में और संशोधन करना है। लोकसभा ने आज ध्वनि मत से 'इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (संशोधन) विधेयक-2025' पारित कर दिया। यह विधेयक शुरू में एक प्रवर समिति के पास भेजा गया था। इसे इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड 2016 में और संशोधन करने के लिए पेश किया गया है, ताकि कंपनियों और व्यक्तियों के बीच प्रक्रियागत देरी और व्याख्या संबंधी मुद्दों का समाधान किया जा सके। लोकसभा में दिवाला और दिवालियापन संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025' पर हुई विस्तृत चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि दिवाला और दिवालियापन संहिता का उद्देश्य कभी भी केवल ऋण वसूली के तंत्र के रूप में काम करना नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य व्यवहार्य व्यवसायों को बचाने, वित्तीय संकट को हल करने और उद्यम के मूल्य को बनाए रखने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करना था। सीतारमण ने चर्चा के दौरान कहा कि दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी) संशोधन विधेयक में कुल 12 संशोधन हैं, जिनमें से 11 चयन समिति के सुझाए गए हैं और एक सरकार ने पेश किया है। इस विधेयक के बारे में उन्होंने कहा कि दिवाला और दिवालियापन संहिता देश के बैंकिंग क्षेत्र की सेहत सुधारने में खासकर स्ट्रेस्ड एसेट्स (तनावग्रस्त संपत्तियों) को सुलझाने में, एक अहम कारक रहा है।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय



## इजरायल- ईरान युद्ध से वैश्विक आर्थिक महामंदी?

अमेरिका-इजराईल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण सारी दुनिया के देश आर्थिक महामंदी के शिकार होने जा रहे हैं। इस मंदी का बड़ा असर होने जा रहा है। जिसकी कल्पना कर पाना भी संभव नहीं है। एक माह से चल रहे, इस युद्ध के कारण कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति वैश्विक स्तर पर प्रभावित हुई है। ईरान की हार्मोज में नाकाबंदी के बाद दुनिया के सभी देशों का संकट बढ़ता जा रहा है। महंगाई बढ़ रही है, ऊर्जा संकट का असर कारोबार और औद्योगिक उत्पादन पर पड़ रहा है, जिसके कारण बेरोजगारी भी तेजी के साथ बढ़ रही है। कच्चे तेल और गैस के दाम लगातार बढ़ने से सभी देशों की अर्थ व्यवस्था गड़बड़ा रही है। इसका असर सरकारों के राजस्व पर भी देखने को मिल रहा है। आम जनता महंगाई और बेरोजगारी से बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। महंगाई के कारण आम लोग अपने जीवन की जरूरी चीजों को नहीं खरीद पा रहे हैं।

भारत सरकार ने पहली बार अर्थव्यवस्था को लेकर अपनी चिंता जाहिर की है। यह माना जा रहा है, भारत सरकार को अपने बजट को संशोधित करना पड़ेगा। युद्ध खत्म होने के स्थान पर और भी तेज होता जा रहा है। दुनिया भर के देशों में इसका दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है। कच्चे तेल की सप्लाई घटकर मात्र 10 फ़ीसद रह गई है। जिसके कारण सारी व्यवस्था वैश्विक स्तर पर गड़बडा गई है। सारी दुनिया के देशों की आर्थिक स्थिति आउट ऑफ कंट्रोल हो रही हैं। इसका असर शेयर बाजार और बैंकिंग व्यवस्था पर भी देखने को मिलने लगा है। शहरों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। पेट्रोल, डीजल, गैस और बिजली संकट का असर सभी क्षेत्रों पर पड़ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराईल के प्रधानमंत्री नेतन्याहु के सिर में जिस तरह से युद्ध का पागलपन सवार है, इसका असर सारी दुनिया के देशों पर पड़ रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के साथ ही टैरिफ-वार के माध्यम से सारी दुनिया के देशों में हड़कंप मचाया।

जिसका असर महंगाई और अर्थव्यवस्था पर पड़ा। ट्रंप की नीतियों के कारण अमेरिका में भी महंगाई और बेरोजगारी तेजी के साथ बढ़ी है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ 3300 से ज्यादा स्थानों पर प्रदर्शन हो रहा है। करीब 90 लाख लोग सड़कों पर उतर आए हैं। अमेरिका की जनता ट्रंप से नाराज है। डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी के सांसद भी नाराज हैं। इसके बाद भी डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से युद्ध को भड़का रहे हैं, रोजाना तरह-तरह के बयान दे रहे हैं, उसके बाद सारी दुनिया में उन्हें एक साइको और पागल नेता के रूप में देख रही है। ट्रंप के अहंकार से स्थितियां और भी विकराल होती जा रही हैं।

**सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक**
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### अब ट्रेन बीच रास्ते में नहीं होगी खड़ी, यात्रा होगी और भी सुरक्षित

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने यात्रा को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए नई तकनीक का



इस्तेमाल किया है। इतना ही नहीं ये तकनीक सफर में लगने वाले समय को भी कम करेंगी। इन्हीं में से एक मार्डन एक्सल काउंटर तकनीक (एमएसडीएसी) है जो यूपी के महोबा के पास ट्रैक पर लगाई गई है। इस नई तकनीक के इस्तेमाल से सिग्नलिंग व्यवस्था और भी मजबूत और भरोसेमंद होगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर मध्य रेलवे के झांसी डिवीजन के महोबा रेलवे स्टेशन के यार्ड में सिग्नल तकनीक की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए अहम काम पूरा कर लिया गया है। महोबा यार्ड में रस्टि रेल ट्रैक सर्किट को आधुनिक एमएसडीएसी के तहत से लगाया गया है। इस नई तकनीक के स्थापित होने से ट्रैक ऑक्यूपेंसी की सटीक होगी और सिग्नलिंग व्यवस्था की विश्वसनीयता और बढ़ेगी, जिससे ट्रेन ऑपरेशन और ज्यादा सुरक्षित और सुचारु रूप से किया जा सकेगा। स्थापित तकनीक में एमएसडीएसी के साथ मैनुअल कंडीशनल रीसेटिंग की सुविधा भी व्यवस्था की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक साइट पर आवश्यक उपकरणों की समुचित व्यवस्था की गई है और एएसएम कक्ष में मैनुअल रीसेट बॉक्स की सुविधा उपलब्ध कराई है, जिससे किसी भी तकनीकी स्थिति में ट्रैक को तुरंत रीसेट किया जा सके। तकनीक स्थापित करने का काम पूरा होने के बाद ऑपरेटिंग और सिग्नल और दूरसंचार स्टाफ को ट्रेनिंग भी दी है, जिससे वे इस नई तकनीक का प्रभावी ढंग से ऑपरेशन और मेंटीनेंस कर सकें।

### आगामी पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव बीजेपी के लिए राजनीतिक परीक्षा, साख दांव पर

**नई दिल्ली।** आगामी दिनों में देश के चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव बीजेपी के लिए बड़ी राजनीतिक परीक्षा होंगे। पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में पार्टी की रणनीति और प्रदर्शन पर उसकी भविष्य की राजनीतिक दिशा निर्भर करेगी। पश्चिम बंगाल में मुख्य मुकाबला टीएमसी और बीजेपी के बीच माना जा रहा है। सीएम ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी को चुनौती देने के लिए बीजेपी 5फीसदी वोट स्विंग पर नजर रखे हुए है। विश्लेषकों के मुताबिक यदि बीजेपी टीएमसी के वोट बैंक में मामूली सेंध लगाने में सफल रहती है, तो वह राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बन सकती है। वहीं असम में बीजेपी हैट्रिक की कोशिश में है, लेकिन यहां 34फीसदी मुस्लिम वोट निर्णायक भूमिका निभाते हैं। यदि यह वोट बैंक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के बीच बंटा, तो बीजेपी को लाभ मिल सकता है, जबकि एकजुटता की स्थिति में मुकाबला कड़ा हो जाएगा। वहीं दक्षिण भारत में तमिलनाडु में बीजेपी क्षेत्रीय दलों के दबदबे के बीच अपनी जगह मजबूत करने की कोशिश कर रही है। यहां द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम का वर्चस्व है। बीजेपी का फोकस खुद को एक मजबूत विकल्प के रूप में स्थापित करने पर है। वहीं केरल में पार्टी के लिए चुनौती और भी बड़ी है, जहां पारंपरिक रूप से लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के बीच सत्ता का मुकाबला होता रहा है। बीजेपी यहां अपने वोट शेयर और सीटें बढ़ाकर 'किंगमेकर' की भूमिका में आने की रणनीति बना रही है।

## नीतीश कुमार ने विधान परिषद की सदस्यता से दिया इस्तीफा, अभी बने रहेंगे सीएम



**पटना।** बिहार में सीएम नीतीश कुमार ने विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। भले ही नीतीश कुमार ने विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया हो लेकिन अभी वह बिहार के सीएम बने रहेंगे। नीतीश के इस्तीफे के बाद अब राज्य के नए सीएम को लेकर रेस तेज हो गई है। हाल ही में नीतीश कुमार राज्यसभा के लिए चुने गए थे, जिसके बाद संवैधानिक नियमों के मुताबिक उन्हें 30 मार्च तक एमएलसी के पद से इस्तीफा देना था। बता दें नीतीश कुमार 2006 से लगातार विधान परिषद के सदस्य हैं। चौथी बार वह 7 मई, 2024 को विधान परिषद के सदस्य बने थे, जिसका कार्यकाल छह मई 2030 को पूरा होना था। इसी बीच नीतीश कुमार 16 मार्च 2026 को राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए। वह पहली बार हरनौत विधानसभा सीट से 1985 में विधायक चुने गए थे। इसके बाद नौंवी लोकसभा के लिए 1989 में चुने गये। वह पहली बार राज्यसभा जा रहे हैं। नीतीश कुमार जल्द ही राज्यसभा सदस्य के तौर पर शपथ ले सकते हैं। वहीं बीजेपी के अध्यक्ष नितिन नबीन भी आज विधायक पद से इस्तीफा दे देंगे। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने रविवार को ही विधानसभा से इस्तीफे का पत्र उन्हें दिए थे, जिसे मैं आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार को सौंप रहा हूं। बता दें पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट से नितिन नबीन विधायक हैं और वह भी राज्यसभा के लिए चुन लिए गए हैं।

## प्रधानमंत्री का असम के भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद, कहा विकास और घुसपैठ प्रमुख चुनावी मुद्दे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को असम के भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं से नमो ऐप के माध्यम से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा-एनडीए की हैट्रिक जीत के लिए कार्यकर्ताओं से कड़ी मेहनत करने की अपील की। उन्होंने विपक्षी दलों पर घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा असम की अस्मिता, सुरक्षा और संस्कृति से सीधे जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को नमो ऐप के जरिए 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत राज्य के भाजपा कार्यकर्ताओं से बात की। उन्होंने कहा कि पार्टी जो भी दायित्व सौंपती है, उसे निभाने के लिए वे पूरी ताकत लगाते हैं। असम में भाजपा-एनडीए की हैट्रिक लगे, इसके लिए राज्य के पार्टी कार्यकर्ता जबरदस्त मेहनत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बोहाग बिहू और अन्य त्योहारों की तैयारियों के बीच चुनावी अभियान चलाने वाले कार्यकर्ताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि असम ने लंबे समय तक अस्थिरता, हिंसा और उग्रवाद का दौर देखा था, लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार ने शांति, विकास और सुरक्षा का नया दौर शुरू किया है। पिछले 10 वर्षों में 12 बड़े शांति समझौते हुए हैं जो असम की नई तस्वीर बनाते हैं। संवाद के दौरान विभिन्न जिलों के कार्यकर्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए। सुनितपुर जिले के पंकज हजारी ने कहा कि साल 2016 से पहले असम में अराजकता और उग्रवाद चरम पर था, लेकिन भाजपा सरकार आने के बाद किसानों, व्यवसायियों और शिक्षकों के जीवन में अमूल्य परिवर्तन आया है। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि 18-22 साल के युवा मतदाता केवल पिछले 10 साल की शांति को जानते हैं, इसलिए बूथ कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि उन्हें पुराने दिनों की हिंसा और कांग्रेस की नीतियों की याद दिलाएं। भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर भजन संध्या, विरासत उत्सव और योजनाओं पर चर्चा के कार्यक्रम आयोजित करें ताकि नई पीढ़ी पुरानी गलतियों को दोहराने से बचे। तामलपुर जिले के धनेश्वर ने बोडोलैंड समझौते के बाद आए बदलाव को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि वह पार्टी कार्यकर्ता होने के साथ साथ वे व्यवसायी भी हैं। और राज्य के लोगों को पुरानी सरकार की कुरीतियों के बारे में बताते भी हैं।

## मध्यस्थता की कोशिशों के बीच पाक उपप्रधानमंत्री का बिगड़ा संतुलन, लड़खड़ाकर फर्श पर गिरे

**इस्लामाबाद।** पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव को कम करने के लिए पाकिस्तान इन दिनों मध्यस्थ की भूमिका निभाने की पुरजोर कोशिश कर रहा है। इसी सिलसिले में इस्लामाबाद में एक महत्वपूर्ण चार-पक्षीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पाकिस्तान के अलावा मिस्र, तुर्की और सऊदी अरब के विदेश मंत्रियों ने हिस्सा लिया। हालांकि, इस गंभीर कूटनीतिक प्रयास के बीच एक ऐसी घटना घटी जिसने सोशल मीडिया पर चर्चा बटोर ली। बैठक के दौरान पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार का संतुलन बिगड़ गया और वे विदेशी मेहमानों के सामने ही लड़खड़ा कर गिर पड़े। यह वाकया पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के कार्यालय में उस समय हुआ जब इशाक डार मिस्र के विदेश मंत्री बदर अब्देलअती की अगवानी कर रहे थे। चलते-चलते अचानक डार का पैर फिसल गया और वे जमीन पर गिर पड़े। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों और कर्मचारियों ने तुरंत फुर्ती दिखाते हुए उन्हें सहारा देकर उठाया। हालांकि, बाद में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई है और वे पूरी तरह स्वस्थ हैं।

## मिडिल-ईस्ट की जंग में तेल की कीमतों में आग, 116 डॉलर के पार पहुंचा कच्चा तेल



**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच छिड़ा भीषण सैन्य संघर्ष अब पूरी दुनिया के लिए एक बड़ा आर्थिक सिरदर्द बनता जा रहा है। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में अचानक जोरदार उछाल देखने को मिला, जिससे ब्रेंट क्रूड 116 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। तेल की कीमतों में आई इस आग ने आम आदमी की जेब और वैश्विक बाजार में डर का माहौल पैदा कर दिया है। जानकारों का मानना है कि यह उछाल केवल अमेरिका-ईरान की सीधी जंग का नतीजा नहीं है, बल्कि अब इस युद्ध में नए खिलाड़ियों की एंट्री ने आग में घी डालने का काम किया है। ताजा तनाव का मुख्य कारण ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा इजरायल पर किए गए मिसाइल और ड्रोन हमले हैं। हूती विद्रोहियों ने खुले तौर पर चेतावनी दी है कि उनके हमले रुकेंगे नहीं। सामरिक दृष्टि से यह बेहद खतरनाक है क्योंकि ये विद्रोही लाल सागर के प्रवेश द्वार बाब अल-मंदेब पर नियंत्रण रखते हैं। यदि यहां से गुजरने वाले जहाजों को निशाना बनाया जाता है, तो वैश्विक व्यापार का एक प्रमुख रास्ता पूरी तरह ठप हो जाएगा।

## भाजपा ने चुनाव आयोग से की टीएमसी की शिकायत, बंगाल में चुनाव हाईजैक करने का लगाया आरोप

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त से मिल कर पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की शिकायत की। भाजपा ने अपने छह पन्नों की शिकायत में कहा कि चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में टीएमसी चुनाव को हाईजैक कर रही है। ममता बनर्जी घर-घर जाकर मतदाताओं को धमका रही हैं। चुनाव आयोग से मिलने गए भाजपा के प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, किरेन रिजिजू, सुकांत मजूमदार, सांसद अरुण सिंह, अनिल बलूनी, ओम पाठक शामिल रहे। आयोग से मुलाकात के बाद केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने मीडियाकर्मियों को बताया कि भाजपा ने चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपा है। भाजपा ने कहा है कि टीएमसी ने राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर पूरा नियंत्रण स्थापित कर लिया है। रिजिजू ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री बनर्जी खुद घर-घर जाकर मतदाताओं को धमका रही हैं और भाजपा को वोट देने वालों को परिणाम भुगतने की चेतावनी दे रही हैं। राज्य का पूरा प्रशासनिक तंत्र टीएमसी के प्रभाव में काम कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चुनाव आयोग से मांग की कि पश्चिम बंगाल में चुनाव निष्पक्ष और स्वतंत्र तरीके से कराए जाएं। जबरदस्ती के तरीके से चुनाव जीतने की पुरानी प्रवृत्ति इस बार दोहराई नहीं जानी चाहिए। रिजिजू ने बताया कि चुनाव आयोग ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए भरोसा दिलाया है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि राज्य में चल रहे चुनावों के दौरान जनता टीएमसी का खुलकर विरोध कर रही है।

## ईरान युद्ध से भारत के 10.68 अरब डॉलर के कृषि और डेयरी निर्यात पर छाया संकट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष से पैदा हुए भू-राजनीतिक तनाव ने भारत के कृषि और डेयरी निर्यात पर बड़ा खतरा पैदा कर दिया है। खाड़ी और मध्य पूर्व के देशों को होने वाला 10.68 अरब डॉलर का निर्यात अब लॉजिस्टिक्स बाधाओं और बढ़ती लागत के चलते दबाव में आ गया है। वहीं स्ट्रेट ऑफ हॉर्मूज के बंद होने से लौट रहे मालवाहक जहाजों के लिए सरकार विशेष राहत उपाय भी लागू कर रही है। दरअसल, मध्य पूर्व, विशेषकर गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) के देश जैसे यूएई, सऊदी अरब, ओमान, कुवैत, कतर और बहरीन और इसके साथ ईरान, इराक और यमन, भारतीय कृषि और डेयरी उत्पादों के प्रमुख बाजार हैं। इन देशों में भारत के कुल कृषि निर्यात का करीब 20.5 फीसदी हिस्सा जाता है। करीब एक महीने बाद भी हालात सामान्य नहीं होने से भारतीय निर्यातकों पर संकट गहराने लगा है। बासमती चावल, भैंस का मांस, ताजे फल और सब्जियां, मसाले, डेयरी उत्पादों पर सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। 2 मार्च को सरकार ने 'सप्लाई चेन लचीलापन' के लिए अंतर-मंत्रालयी समूह सक्रिय किया है। इसमें पोत परिवहन, पेट्रोलियम, वित्तीय सेवा, डीपीआईआईटी, सीबीआईसी, विदेश मंत्रालय और आरबीआई सहित कई एजेंसियां शामिल हैं। यह समूह नियमित समीक्षा बैठकों, दैनिक रिपोर्ट और निर्यातकों के लिए समर्पित संचार चैनल के जरिए हालात पर नजर रख रहा है। 19 मार्च को डीजीएफटी ने निर्यात जोखिम कम करने के लिए विशेष योजना शुरू की, जिसे ईसीजीसी के जरिए लागू किया जा रहा है। निर्यात दायित्व पूरा करने की समय सीमा 31 अगस्त 2026 तक बढ़ाई गई, वह भी बिना अतिरिक्त शुल्क के। सीमा शुल्क बोर्ड ने फंसे माल के लिए सरल कस्टम क्लीयरेंस, ट्रांजिट और री-एक्सपोर्ट की सुविधा दी। हॉर्मूज बंद होने से लौट रहे कार्गो के लिए बर्थिंग, ऑफलोडिंग, शिपिंग बिल रद्द करने और बैक-टू-टाउन की सुविधा दी गई।

**बासमती चावल, भैंस का मांस, फल और सब्जियां, मसाले, पर सबसे ज्यादा असर**




## सरकार ने दिया भरोसा- देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सरकार ने देशवासियों और उद्योग जगत को ईंधन की निर्बाध आपूर्ति जारी रहने का भरोसा दिया है। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि वैश्विक हालात के बावजूद देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस का पर्याप्त भंडार मौजूद है। हालांकि, कुछ जगहों पर ग्राहकों के घबराहट में की जा रही खरीदारी की खबरों के बीच केंद्र सरकार ने देश के ऊर्जा बाजार को स्थिर रखने के लिए कई स्तरों पर त्वरित उपाय किए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय दुनियाभर के अलग-अलग देशों के नेताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं। इसी क्रम में 28 मार्च को प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस, प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि इस बातचीत के दौरान पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को लेकर विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### मुखर्जी नगर में तीन मंजिला मकान में आग, छह लोगों को सुरक्षित निकाला, एक झुलसा

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी जिले के मुखर्जी नगर इलाके में रविवार देर रात एक मकान में आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। दमकल कर्मियों ने साहस दिखाते हुए इमारत में फंसे छह लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सभी लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। दमकल विभाग के अनुसार, रात करीब 9:43 बजे आर नगर क्षेत्र में के.डी. कैंपस के पीछे, बत्रा सिनेमा के पास स्थित एक मकान में आग लगने और छत पर लोगों के फंसे होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए इमारत में प्रवेश किया और एक-एक कर लोगों को बाहर निकाला। दमकल अधिकारियों के मुताबिक, आग मकान की पहली, दूसरी और तीसरी मंजिल पर रखे घरेलू सामान और कागजात में लगी थी। आग तेजी से फैलने के कारण ऊपरी मंजिलों पर मौजूद लोग फंस गए थे। घटना में पवन कुमार (32) झुलस गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, उन्हें 25 से 30 प्रतिशत तक जलने की चोटें आई हैं। वहीं, नीतू सिंह (50), हर्षित (17), रानू देवी (85), मीना शुक्ला (65) और रोहित शुक्ला को सुरक्षित बचा लिया गया। दमकल कर्मियों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### देशभर में बम धमकी से दहशत फैलाने वाला आरोपित गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में स्कूलों, हाई कोर्ट और सरकारी कार्यालयों को बम से उड़ाने की झूठी धमकियां देकर दहशत फैलाने वाले आरोपित को दिल्ली पुलिस ने कर्नाटक के मैसूर से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान 47 वर्षीय श्रीनिवास लुईस के रूप में हुई है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कर्नाटक पुलिस की मदद से आरोपित को मैसूर के वृंदावन लेआउट स्थित एक मकान से गिरफ्तार किया। आरोपित के कब्जे से एक लैपटॉप और कई सिम कार्ड बरामद किए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि, आरोपित को स्थानीय अदालत में पेश करने के बाद ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया जा रहा है, जहां उससे विस्तृत पूछताछ की जाएगी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी ने अब तक करीब 1100 धमकी भरे ई-मेल भेजे थे। वह अपनी पहचान छिपाने के लिए अलग-अलग स्थानों और माध्यमों का इस्तेमाल करता था। बताया गया है कि दिल्ली हाई कोर्ट के एक जज को भी आरोपी ने धमकी भरा ई-मेल भेजा था, जिसके बाद मामला दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू की गई। कई हफ्तों की पड़ताल के बाद पुलिस आरोपी तक पहुंच सकी। पूछताछ में उसने धमकी भरे संदेश भेजने की बात कबूल कर ली है। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपित बेंगलुरु का निवासी है और पोस्टग्रेजुएट है, लेकिन फिलहाल बेरोजगार है। वह अपनी रिटायर्ड मां के साथ रहता है और घर का खर्च उनकी पेंशन से चलता है। पुलिस को आशंका है कि आरोपित मानसिक तनाव के चलते इस तरह की हरकत कर रहा था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपित ने जानबूझकर स्कूलों, कॉलेजों और अदालतों को निशाना बनाया, ताकि अधिकतम दहशत फैलाई जा सके। उसकी झूठी धमकियों के कारण कई जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करनी पड़ी और लोगों को एहतियातन बाहर निकालना पड़ा, जिससे सामान्य कामकाज भी प्रभावित हुआ। फिलहाल पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस साजिश में आरोपी अकेला था या उसके साथ कोई और भी शामिल है। साथ ही, विभिन्न राज्यों की एजेंसियों के साथ समन्वय कर सभी प्रभावित स्थानों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### करोल बाग में 18.5 लाख की चोरी, दो गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** मध्य जिले के करोल बाग इलाके में 18.5 लाख रुपये की नकदी चोरी के मामले में पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 13.5 लाख रुपये की नकदी भी बरामद की है। मध्यजिलेके पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह ने सोमवार को बताया कि 25 मार्च को मिली शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उसे अपने मालिक से 18.5 लाख रुपये एक दुकानदार को देने के लिए मिले थे। 24 मार्च की रात वह मोटरसाइकिल से गफ्फार मार्केट की ओर जा रहा था। बाजार पहुंचने पर उसने देखा कि उसके बैग की जिप खुली हुई है और नकदी गायब है। मामले में करोल बाग थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने विष्णु मंदिर मार्ग से गफ्फार मार्केट तक लगे सीसीटीवी कैमरों की बारीकी से जांच की। फुटेज में दो संदिग्ध युवक पीड़ित का पीछा करते हुए दिखाई दिए। जिन्होंने भीड़भाड़ का फायदा उठाकर बैग की जिप खोलकर नकदी उड़ा ली। पुलिस उपायुक्त के अनुसार लगातार निगरानी और तकनीकी जांच के आधार पर 27 मार्च को दोनों आरोपितों को पहाड़गंज इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान दीपक उर्फ दीपु (25) और सनी उर्फ उंगली (23) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपितों ने खुलासा किया कि वे भीड़भाड़ वाले बाजारों में ऐसे लोगों को निशाना बनाते थे, जिनके पास नकदी होने का अंदेशा होता था। भीड़ का फायदा उठाकर वे बैग की जिप खोलकर चोरी को अंजाम देते थे। पुलिस ने बताया कि आरोपित दीपक के घर से 13.5 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपितों का आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है और वे पहले भी चोरी के कई मामलों में शामिल रह चुके हैं।

### घरेलू झगड़े में छोटे एलपीजी सिलेंडर से वार कर की पत्नी हत्या, गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी जिले के पुल प्रहलादपुर थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद में पति ने छोटे एलपीजी सिलेंडर से ताबड़तोड़ वार कर पत्नी की हत्या कर दी। मृतका की पहचान पूनम के रूप में हुई है। वहीं वारदात को अंजाम देने वाले पति की पहचान सुरेश के रूप में हुई है। आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वारदात के समय आरोपित पति सुरेश शराब के नशे में था या नहीं। पुलिस के मुताबिक आरोपित सुरेश पत्नी पूनम और दो और चार साल की दो बेटियों के साथ पुल प्रहलादपुर स्थित डीडीए फ्लैट में रहता था। सुरेश प्राइवेट नौकरी करता है और पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। बताया गया है कि पत्नी का आरोपित के परिजनों को लेकर विरोध रहता था, जिस कारण दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते थे। शनिवार की रात भी दोनों के बीच कहासुनी हुई थी, जो देखते ही देखते हिंसक हो गई। आरोप है कि गुस्से में आकर सुरेश ने घर में रखे छोटे एलपीजी सिलेंडर से पूनम के सिर पर कई बार वार किया। हमले में पूनम का सिर बुरी तरह फट गया। पड़ोसियों ने झगड़े की आवाज सुनकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पूनम को एम्स ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया था, पर पुलिस ने कुछ ही देर बाद इलाके से उसे गिरफ्तार कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवाकर आरोपित की मेडिकल जांच कराई जा रही है। यह भी जांच की जा रही है कि वारदात के समय आरोपित शराब के नशे में था या नहीं।

# विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर हादसा: ट्रैक पर गिरा यात्री, सिर में चोट

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** राजधानी के व्यस्त दिल्ली मेट्रो नेटवर्क के विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर सोमवार को एक यात्री के ट्रैक पर गिरने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मेट्रो का काम देख रहे पुलिस उपायुक्त भरत रेड्डी के अनुसार, मेट्रो कंट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुई कि विश्वविद्यालयमेट्रो स्टेशन पर एक व्यक्ति प्लेटफॉर्म से फिसलकर ट्रैक पर गिर गया है। खबर मिलते ही पुलिस और मेट्रो स्टाफ तुरंत हरकत में आए। एएसआई संतोष कुमार और सिपाही सुंदर लाल मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक मेट्रो कर्मचारियों ने घायल को तुरंत हिंदू राव अस्पताल भेज दिया था। अस्पताल में घायल की पहचान अनिल कुमार (52) के रूप में हुई, जो करावल नगर इलाके के निवासी



हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, अनिल कुमार को सिर में चोट आई है, लेकिन वह पूरी तरह होश में हैं और उनकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्राथमिक पूछताछ में अनिल कुमार ने बताया कि वह प्लेटफॉर्म के किनारे के ज्यादा करीब चले गए थे और संतुलन बिगड़ने के कारण अचानक ट्रैक पर गिर गए। उन्होंने किसी भी तरह की जानबूझकर छलांग लगाने से इनकार किया है। पुलिस भी फिलहाल इसे हादसा मानकर जांच कर रही है। वहीं घटना के बाद कुछ समय के लिए मेट्रो सेवाएं प्रभावित हुईं, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। हालांकि, मेट्रो प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता के चलते जल्द ही स्थिति को नियंत्रण में ले लिया गया और सेवाएं सामान्य कर दी गईं। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) और पुलिस अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि वे प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा मानकों का पालन करें और किनारे से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। अधिकारियों का कहना है कि थोड़ी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि घटना के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके।

## सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की संबंधी याचिका पर सुनवाई टली

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट में सोमवार को 1980 में वोटर लिस्ट में सोनिया गांधी का कथित रुप से नाम जुड़वाने पर एफआईआर दर्ज करने की मांग करने वाले याचिकाकर्ता ने अपनी दलीलें पूरी कर ली। सोनिया गांधी की ओर से आज दलीलें पूरी नहीं हो सकी। स्पेशल जज विशाल गोगने ने मामले की अगली सुनवाई 18 अप्रैल को करने का आदेश दिया। यह याचिका वकील विकास त्रिपाठी ने दायर की थी। विकास त्रिपाठी ने सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के मजिस्ट्रेट कोर्ट के खारिज करने के आदेश को सेशंस कोर्ट में चुनौती दी है। 9 दिसंबर, 2025 को कोर्ट ने सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। इसके पहले 11 सितंबर को एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने याचिका खारिज कर दी थी। याचिका में कहा गया है कि वोटर लिस्ट में सोनिया गांधी का नाम 1980 में ही जुड़ गया था, जबकि वो 1983 में भारत की नागरिक बनीं। बीच में सोनिया गांधी का नाम वोटर लिस्ट से 1982 में हटाया गया और बाद में 1983 में फिर नाम जोड़ा गया। याचिका में कहा गया है कि सोनिया गांधी ने भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन भी अप्रैल 1983 में दिया था। याचिका में कहा गया है कि जब सोनिया गांधी 1983 में भारतीय नागरिक बनीं, तो 1980 में वोटर लिस्ट में जोड़ने के लिए कुछ फर्जी दस्तावेज दिए गए होंगे, जो संज्ञेय अपराध है। ऐसे में कोर्ट सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने इस मामले पर न तो सोनिया गांधी को नोटिस जारी किया था और न ही दिल्ली पुलिस को।

## उपराज्यपाल ने भलस्वा लैंडफिल का किया निरीक्षण, कचरा निपटान कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने सोमवार को भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा कर नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे बायोरेमेडिएशन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कचरा निपटान की प्रक्रिया में तेजी लाने और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने मौके पर मौजूद श्रमिकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा और निर्देश दिया कि ठेकेदारों द्वारा सभी आवश्यक स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उपराज्यपाल ने सुझाव दिया कि बेहतर परिणामों के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाया जाए और विशेषज्ञों की सलाह के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर विकसित नई तकनीकों का इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने दिल्ली नगर निगम को निर्देश दिया कि वे न केवल पुराने कचरे के निपटान पर ध्यान दें, बल्कि इन



स्थलों पर लगातार आ रहे ताजा कचरे की समस्या का भी समाधान करें। उपराज्यपाल ने गर्मी के मौसम को देखते हुए लैंडफिल साइटों पर आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक निवारक उपाय तत्काल लागू करने पर भी जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने पूरे दिल्ली में कचरे के स्रोत पर ही सूखा और गीला कचरा अलग करने के लिए रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन (एमटीए) को सक्रिय रूप से शामिल करने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के तीन प्रमुख कूड़ा डंप स्थलों भलस्वा, गाजीपुर और ओखला को "कचरे के पहाड़" बताया था और इन्हें हटाने का आह्वान किया था। इन स्थलों पर काम वर्ष 2022 में शुरू हुआ था। पिछले एक साल में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, लेकिन अभी भी काफी काम बाकी है।

## पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को बड़ी सफलता, तृणमूल विधायक काज़ी अब्दुर रहीम ने थामा पार्टी का हाथ

लोकतंत्र की शान , संवाददाता जीशान अली

**नई दिल्ली:** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को बड़ी सफलता मिली है। बदुरिया विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के वर्तमान विधायक काज़ी अब्दुर रहीम सोमवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। नई दिल्ली स्थित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यालय में प्रदेश के प्रभारी महासचिव गुलाम अहमद मीर तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी का दामन थामा। कांग्रेस महासचिव गुलाम अहमद मीर ने कहा कि काज़ी अब्दुर रहीम पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक जाना-पहचाना नाम हैं और वे अपने क्षेत्र में जनसेवा के लिए प्रसिद्ध रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके जुड़ने से पार्टी को आगामी चुनावों में मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि उनकी लोकप्रियता को देखते हुए ही पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उनकी सीट से उम्मीदवार का नाम नहीं घोषित करने का फैसला लिया गया था, ताकि वे पहले औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल हों। मीर ने



उम्मीद जताई कि काज़ी अब्दुर रहीम के आने से उत्तर 24 परगना क्षेत्र में कांग्रेस को बड़ी मजबूती मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने भी उनका स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस परिवार लगातार बढ़ रहा है और कई लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बदुरिया की जनता के आशीर्वाद से काज़ी अब्दुर रहीम पार्टी के मजबूत सिपाही के रूप में काम करेंगे। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस का लक्ष्य पश्चिम बंगाल में विकास की राजनीति को आगे बढ़ाना, तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से हटाना और भाजपा को रोकना है। वहीं काज़ी अब्दुर रहीम ने कांग्रेस में शामिल होने पर खुशी जताते हुए कहा कि उनके लिए यह घर वापसी जैसा है। उन्होंने बताया कि उनके पिता करीब 50 वर्षों तक सक्रिय राजनीति में रहे और कांग्रेस के सदस्य थे। उन्होंने कहा कि वे पार्टी के साथ मिलकर मजबूती से चुनावी लड़ाई लड़ेंगे और अपने क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे।

## दिल्ली में हर महीने 10 हजार पीएनजी कनेक्शन देने का फैसला : सूद

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने कहा राजधानी में हर महीने 10 हजार लोगों को पीएनजी कनेक्शन देने का फैसला लिया गया है। मंत्री ने आज पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) के विस्तार को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में आईजीएल, शहरी विकास विभाग, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली जल बोर्ड तथा दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के बाद ऊर्जा मंत्री ने बताया कि दिल्ली में पीएनजी कनेक्शन के विस्तार को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक नागरिकों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार की गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएनजी कनेक्शन प्रदान करने की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और जनहितकारी बनाया जाए। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें। साथ ही विभाग द्वारा डोर-टू-डोर सघन अभियान चलाकर दिल्ली के लोगों को पीएनजी अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। सूद ने कहा कि राजधानी के कई क्षेत्रों में अब भी लोग पारंपरिक गैस सिलेंडरों और चूल्हों पर निर्भर हैं, जबकि पीएनजी एक सुरक्षित और सुविधाजनक विकल्प है। इसमें सिलेंडर बुकिंग या प्रतीक्षा जैसी समस्याओं से मुक्ति मिलती है और आपूर्ति निर्बाध रहती है। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में अभी पीएनजी की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जाएं। अनधिकृत कॉलोनियों और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान के माध्यम से लोगों को पीएनजी के लाभों से अवगत कराया जाएगा। बैठक में यह भी बताया गया कि दिल्ली में लगभग 18 लाख पीएनजी कनेक्शन देने की क्षमता है, जबकि अब तक करीब 14 लाख कनेक्शन ही दिए जा सके हैं। शेष 4 लाख कनेक्शन जल्द से जल्द प्रदान करने के लिए अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। सूद ने यह भी बताया की आज की वैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं में भी पीएनजी के उपयोग को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत अटल कैंटीन, नाइट शेल्टर की रसोइयों, मिड-डे मील किचन तथा एमसीडी की रसोइयों में पारंपरिक गैस सिलेंडरों के स्थान पर पीएनजी का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली के सभी रेस्टोरेंट, होटल, गुरुद्वारों, मंदिरों, आदि में भी सिलेंडर के स्थान पर पीएनजी गैस के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, सम्भल

पत्र संख्या:/226 नि0वि0/2025-26 दिनांक :- 30.03.2026

## अति अल्पकालीन ई निविदा सूचना

विदित हो कि 15 वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अधीन वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनटाईड ग्रान्ट के अन्तर्गत बजट आवंटित आदेश संख्या 8/807/320(6)/15 वें वित्त0आ0/2025-26, लखनऊ दिनांकः 18 नवम्बर 2025 के द्वारा एवं आदेश सख्या 8/807/320/(6)/15वों वि0आ0/2025-26 लखनऊ दिनांक 18 नवम्बर 2025 के द्वारा नगर पालिका परिषद, सम्भल को आवंटित धनराशि से स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्यो की ई-निविदा दिनांकः- 15.04.2026 को 01:00 PM बजे तक आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक कार्य की निविदा डाल सकता है। निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा की शर्तो का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।

| क्र0सं0 | नगर पालिका/NPP STAGE | ठेकेदार / VENDOR STAGE | प्रारम्भ दिनांक व समय | अंतिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | | 01-04-2026 10 AM | |
| 2. | | Tender Download | 01-04-2026 10 AM | |
| 3. | | BID Submission | 01-04-2026 10 AM | |
| 4. | Close for BID | | | 15-04-2026 1 PM |
| 5. | BID Opening | | | 15-04-2026 2 PM |

वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग प्रप्रत्र ऑनलाइन देखे जा सकते हैं।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, सम्भल**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, सम्भल**

## संक्षिप्त समाचार

### सालाना मजालिस की तैयारियों में जुटे मौलाना शबाब नकवी, खिदमत के जज़्बे पर दिया ज़ोर

**"मैं अकेला ही चला था..." शेर के साथ एकता का पैग़ाम, कई शहरों के मोमिनीन जुड़े कारवां से**

**लोकतंत्र की शान : नजीबाबाद।** सालाना मजालिस के प्रोग्राम को लेकर दरगाह ए आलिया नजफ-ए-हिन्द के प्रशासक मौलाना शबाब नकवी ने खिदमत और एकता का संदेश देते हुए मशहूर शायर मजरूह सुल्तानपुरी का शेर पढ़ा— "मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंज़िल मगर, लोग साथ आते गए और कारवां बनता गया।" मौलाना शबाब नकवी ने कहा कि प्रशासक बनने के बाद अपनी पहली तकरीर में ही उन्होंने साफ कर दिया था कि जो लोग अपनी निजी जेब से खर्च कर दरगाह की सेवा करने का जज़्बा रखते हैं, वही उनके साथ खिदमत में शामिल हों। उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा कि दरगाह का एक भी रुपया खर्च किए बिना सेवा करना ही असली खिदमत है। इस दौरान कई शहरों से आए मोमिनीन ने मौलाना का साथ देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। इनमें सैयद नवाब अली आब्दी, इंजीनियर गुलाम हैदर बाबू भाई, मौलाना सलमान हैदर (अमरोहा), सैयद अली नक़वी (नैनीताल), अब्बास नकवी, हसन मेहदी मेमन (बिजनौर), नवाब हैदर (झालू), जाफ़र मेहदी, चौधरी सीरत और मोमिन रज़ा (सिरसी सादात संभल), बाकर रज़ा (मोरना मुज़फ्फरनगर) समेत नजमी (दिल्ली), शब्बन प्रधान, नईम रज़ा, सईद (अमरोहा), हाजी सैयद हसन, इमरान आब्दी और नियाज़ आब्दी सहित अनेक लोग शामिल रहे। मौलाना ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इसी एकजुटता और खिदमत के जज़्बे से मजालिस का कार्यक्रम कामयाबी की नई मिसाल बनेगा।



### ऐतिहासिक पत्थरगढ़ किले पर चला विशेष स्वच्छता अभियान, धरोहर संरक्षण का लिया संकल्प

**» डॉ राखी की इस मुहिम को जनता का समर्थन भारी संख्या में लोग एकत्रित हुवे**

**लोकतंत्र की शान : खिज़र अहमद ,नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम पर्वतपुर मखदुमपुर उर्फ घिसटपुरी स्थित ऐतिहासिक पत्थरगढ़ किला, जो नवाब नजीबुद्दौला और सुल्ताना डाकू के किले के नाम से भी जाना जाता है, सोमवार को एक विशेष स्वच्छता अभियान का केंद्र बना। वर्षों से उपेक्षा का शिकार हो रहे इस ऐतिहासिक स्थल को स्वच्छ और संरक्षित करने की दिशा में यह एक सराहनीय पहल रही। सखी वेलफेयर फाउंडेशन की डॉ. राखी आनंद अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अभियान के दौरान किले परिसर में फैली गंदगी, प्लास्टिक कचरे और झाड़ियों को हटाकर पूरे क्षेत्र की साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पत्थरगढ़ किला केवल एक ऐतिहासिक इमारत नहीं, बल्कि क्षेत्र की पहचान और गौरव का प्रतीक है। लेकिन लगातार उपेक्षा और जागरूकता की कमी के चलते इसकी स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। यदि समय रहते इसकी देखभाल नहीं की गई, तो यह धरोहर धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खो सकती है। डॉ. राखी अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे न केवल अपने घरों बल्कि सार्वजनिक स्थलों, विशेषकर ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों को भी साफ रखने में सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि प्रशासन और आम जनता मिलकर प्रयास करें, तो पत्थरगढ़ किला एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सकता है, जिससे क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। अभियान के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने किले की नियमित सफाई और संरक्षण के लिए आगे भी ऐसे प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया।




### अमरोहा में बाबा खाटू श्याम निशान यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहाः अमरोहाः** सोमवार को बाबा खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव पर शहर में निशान यात्रा बड़े धूमधाम के साथ निकाली गई निशान यात्रा में भारी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे मौजूद रहे तथा सभी के हाथों में बाबा का निशान मौजूद रहा वही श्याम भक्त बाबा श्याम खाटू के नारे लगाते चल रहे थे निशान यात्रा सुबह 10 बजे बाबा गंगानाथ मंदिर से प्रारंभ होगा बड़ा बाजार, कोतवाली, बाजार गुजरी, बसावन गंज, बाजार कटरा घेर मुनाफ, बेगम सराय, शफातपोता, कोट चौराहा, बाजार बटवाल होती हुई पुष्कर नगर बाबा श्याम के मंदिर पर समाप्त हुई सुरक्षा की दृष्टि से निशान यात्रा में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, निशान यात्रा का शहर में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह फूलों से स्वागत किया खाटू श्याम मंदिर पहुंचने पर बाबा की आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया इस मौके पर रोहित अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, समीर खंडेलवाल, प्रियंका खंडेलवाल, मोहित, रूपाली, तुषार जिंदल सनी जैन अनुभव अंशु अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, अशोक अग्रवाल आदि श्याम भक्त मौजूद रहे ।

# पत्नी ने प्रेमी व दोस्त से मिलकर कराई पति की हत्या, तीनों गिरफ्तार

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुरः** सोमवार को कोतवाली पुलिस ने 36 घंटे में युवक के कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए पत्नी, प्रेमी व उसके दोस्त को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया अमरोहा जनपद के हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलौती कलां में हुए सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि आरोपी महिला रूही का अपनी ही बहन के देवर फरमान के साथ प्रेम संबंध था। यही रिश्ता इस खौफनाक कत्ल की सबसे बड़ी वजह बना। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के मुताबिक, रूही का अपनी बहन के देवर फरमान से अवैध संबंध था, जिसका उसका पति मेराज विरोध करता था। इसी को लेकर दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। पति को रास्ते से हटाने के लिए रूही ने अपने प्रेमी फरमान और उसके दोस्त अदनान के साथ मिलकर साजिश रच डाली। शनिवार रात रूही ने पहले अपने पति मेराज को चाय में नींद की गोलियां मिलाकर पिला दीं। जब वह गहरी नींद में चला गया, तब देर रात फरमान और अदनान घर पहुंचे। तीनों ने मिलकर मेराज के हाथ-पैर बांध दिए और धारदार हथियार से गला रेतकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। शरीर के कई हिस्सों पर वार कर यह सुनिश्चित किया गया कि वह बच न सके। हत्या के बाद रूही ने खुद को निर्दोष दिखाने के लिए पूरा ड्रामा रचा। वह शव के पास ही लेट गई और सुबह कहानी बनाई कि रात में अज्ञात बदमाश घर में घुसे, लूटपाट की और उसके पति की हत्या कर दी। घटना के वक्त दोनों छोटे बच्चे भी पास में सो रहे थे। पुलिस को शुरुआत से ही पत्नी की भूमिका संदिग्ध लगी। जब सख्ती से पूछताछ की गई तो रूही टूट गई और उसने बहन के देवर के साथ अपने संबंध और हत्या की पूरी साजिश कबूल कर ली। इसके बाद पुलिस ने रूही, उसके प्रेमी फरमान और उसके साथी अदनान को गिरफ्तार कर लिया। इस दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। रिश्तों इस कत्ल ने हर किसी को झकझोर दिया वहीं दो मासूम बच्चे अब माता-पिता दोनों के साये से वंचित हो गए हैं। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। वही पुलिस ने सोमवार को तीनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया ।

## पीड़ितों की समस्याओं का उचित समाधान सरकार की प्राथमिकताः मुख्यमंत्री

**सीएम योगी ने जन समस्याओं का लिया संज्ञान, एक-एक फरियादी से खुद मिले मुख्यमंत्री**

**लोकतंत्र की शान**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं, सभी के प्रार्थना पत्र लिए और अधिकारियों को निर्देशित किया कि इनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। सीएम ने कहा कि सरकार हर पीड़ित की उचित समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत है।

**मंदिर पर कब्जे की शिकायत** – उन्नाव के बांगरमऊ से आईं ममता तिवारी ने सीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए कुछ लोगों पर मंदिर कब्जा करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि कब्जा करने वाले लोग मंदिर में पूजा भी नहीं करने दे रहे हैं। सीएम योगी ने प्रकरण का संज्ञान लेते हुए तत्काल पुलिस अधीक्षक को उचित कार्रवाई के लिए निर्देश दिया। बदायूं से आए एक किसान ने बताया कि कुछ लोगों ने उनकी फसल नष्ट कर दी, लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं हो रही। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी किसान को परेशानी नहीं होनी चाहिए। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बलरामपुर से आए एक फरियादी ने बताया कि गांव की सड़क बहुत खराब है। ग्राम प्रधान कई वर्षों से इसका निर्माण नहीं होने दे रहे हैं, जिससे आवागमन में काफी परेशानी होती है। इस पर सीएम ने स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि गांव में जाकर ग्रामीणों से बातचीत करें। स्थिति का खुद आकलन करें और सड़क निर्माण कराएं।

## नाला-सड़क व्यवस्था पर बड़ा फैसला, चौधरी मुशीर अली खान व अधिशासी अधिकारी ने कसी कमर

**» फतेहउल्लाह सराय में विकास कार्यों को लेकर तेज हुई कार्रवाई**

**लोकतंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी**





**संभलः** नगर पालिका परिषद क्षेत्र में फतेहउल्लाह सराय क्षेत्र में नाला एवं सड़क व्यवस्था को लेकर बड़ा कदम उठाते हुए चेयरमैन पति एवं वरिष्ठ नेता एआईएमआईएम चौधरी मुशीर अली खान तथा अधिशासी अधिकारी ने संयुक्त रूप से क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड संख्या 16 में जमीनी हकीकत का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान चौधरी मुशीर अली खान ने साफ तौर पर कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नाले की नियमित सफाई सुनिश्चित करने और जलभराव की समस्या को तुरंत खत्म करने के निर्देश दिए। वहीं अधिशासी अधिकारी ने भी मौके पर मौजूद नगर पालिका स्टाफ को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़क की मरम्मत और निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस मौके पर सदस्य इब्राहिम अंसारी, हाफिज वसीम एवं चौधरी मुबाशिर खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे, जिन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों की इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि अब क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का जल्द समाधान होगा।

## खैराबाद के सभासदों द्वारा लगाए गए आरोपों की हो जांच : अध्यक्ष प्रतिनिधि खैराबाद

**लोकतंत्र की शान, देवेंद्र सिंह**



**सीतापुर /खैराबाद** में सभासदों ने जिस प्रकार के आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी के समक्ष अध्यक्ष प्रतिनिधि व अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका पर आरोप लगाए है इस सम्बन्ध में खैराबाद की जनता ने एक आवाज में कहा कि जांच इन सभासदों की हो और जैसे पूर्व में नजूल की भूमि को गैरकानूनी रूप से बेचा गया उसका गरीब लोग आज भी खामियाजा भुगत रहे है जहां पूरे देश में प्रधान मंत्री आवास मिल रहे है वहीं आज खैराबाद की जनता इस से सिर्फ इसलिए वंचित रह गई क्योंकि आज जो ये सभासद आरोप अध्यक्ष पर लगा रहे है सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार इन्हीं लोगों ने किया कुछ सभासद तो ऐसे गए जिनके परिवार में पूर्व में रहे सभासद रिश्तेदारों ने भी नजूल की जमीन पर न सिर्फ अपने रिश्तेदारों को बसाने का कार्य किया बल्कि गरीब जनता को बरगला कर उनके नाम फर्जी दस्तावेज दिखा कर जमीन बेंच डाली ।इस संबंध में जब नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू से जानकारी की गई तो उनका कहना है निश्चित रूप से आरोप प्रत्यारोप राजनीत की एक हिस्सा है और मै खुद चाहूंगा कि इसकी जांच हो साथ में जिस तरह से हमारे गरीब जनता के पैसों को लेकर नजूल की जमीन बेची गई इसकी भी जांच हो कि किस तरह से कुछ लोगों ने अपने पद का दुरुपयोग कर नजूल की जमीन का बंदर बांट कर डाला आज हमारे सूबे के मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश पर जिस तरह अवैध कब्जा व करोड़ो की जमीन ख़ाली कराई गई है इससे कई भू माफियाओं के हौसले पस्त हो चुके है और अब उनके पास कोई काम बचा नहीं है आरोप में कितनी सच्चाई है ये सब सामने आ जाएगा लेकिन मैं ऐसे किसी भी व्यक्ति के दबाव में नहीं आने वाला । नजूल की भूमि को खाली करा कर जनता के लिए सार्वजनिक उपयोग के लिय कार्य करता रहूंगा इसकी चाहे मुझे जो कीमत चुकानी पड़े । अभी कुछ समय पूर्व ही हिंदुओं के आस्था की प्रतीक मां गौरी देवी मंदिर के विकास के प्रति इन्हीं सभासदों ने टीका टिप्पणी की थी बाद में विरोध के चलते चौकी पर लिखित माफी भी मांगी ।इसी कुंठा को लेकर नजूल पर कार्यवाही न हो और दबाव बनाने के लिए एक प्रोपोगंडा बनाया जा रहा है। और खैराबाद जो कार्य हो रहे है वो किसी से पूरे जनपद में छिपे नहीं है इसलिए इनके प्रमाणपत्र की मुझे आवश्यकता नहीं है

# न्याय, सुरक्षा और समझौते की मिसाल उप निरीक्षक राश्मी मलिक से सशक्त थाना हजरतनगर गढ़ी पुलिस

**लोकतंत्र की शान**



**संभल/सिरसी** थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र में पुलिस विभाग लगातार जनता की सेवा, सुरक्षा और सहयोग के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहा है। कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के साथ-साथ पुलिस आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान में भी अहम योगदान दे रही है। पुलिस के कार्य केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज में शांति बनाए रखना, पीड़ितों को न्याय दिलाना, आपातकालीन स्थितियों में तुरंत सहायता पहुंचाना और हर वर्ग के लोगों में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करना भी उनकी प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल है। दिन-रात कठिन परिस्थितियों में ड्यूटी करते हुए पुलिसकर्मी जनता की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इसी क्रम में थाना हजरतनगर गढ़ी में तैनात उप निरीक्षक राश्मी मलिक अपनी कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशीलता और व्यवहार कुशलता के चलते लोगों के बीच खास पहचान बना रही हैं। वे न केवल कानून का पालन सुनिश्चित करती हैं, बल्कि आम जनता के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनती और उनका समाधान करने का प्रयास करती हैं।

**महिला डेस्क पर संवेदनशील सुनवाई और मार्गदर्शन**–थाने में स्थापित महिला हेल्प डेस्क पर उप निरीक्षक राश्मी मलिक विशेष रूप से महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनती हैं। घरेलू विवाद, पति-पत्नी के बीच मतभेद या पारिवारिक तनाव जैसे मामलों में वे दोनों पक्षों को समझाकर आपसी सहमति और संवाद के माध्यम से समाधान निकालने का प्रयास करती हैं। उनकी कार्यशैली ऐसी है कि किसी पर भी अनावश्यक दबाव न पड़े, बल्कि दोनों पक्षों को सम्मान के साथ अपनी बात रखने का अवसर मिले और समाधान निष्पक्ष व न्यायसंगत तरीके से हो। कई मामलों में उनके मार्गदर्शन से परिवारों में आपसी समझ बढ़ी है और रिश्तों में सुधार देखने को मिला है।

**महिलाओं और बालिकाओं के लिए जागरूकता और सुरक्षा पहल**–उप निरीक्षक राश्मी मलिक द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और कानूनी जानकारी के प्रति जागरूक किया जा रहा है। स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं को आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा और हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी जाती है। इससे महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ रहा है और वे अपनी सुरक्षा को लेकर अधिक जागरूक हो रही हैं। थाने में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ सम्मानजनक व्यवहार और निष्पक्ष कार्रवाई उनकी कार्यशैली की प्रमुख विशेषता है। पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने में ऐसे अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पुलिस की सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उप निरीक्षक राश्मी मलिक का कार्य यह दर्शाता है कि पुलिस विभाग समाज के हर वर्ग के लिए एक मजबूत सहारा है।

**समापन संदेश**–समाज में यह सकारात्मक संदेश जा रहा है कि पुलिस न केवल कानून लागू करने वाली संस्था है, बल्कि आपसी विवादों को सुलझाने, रिश्तों को जोड़ने और समाज में शांति बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और इसी भावना के साथ थाना हजरतनगर गढ़ी पुलिस अपनी जिम्मेदारी निभा रही है।

## जीवन में प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव को सकारात्मक रूप में प्रयोग करें : पुनीत अग्रवाल




**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुरः** सोमवार को चिरंजी लाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन डगरोली की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का समापन ग्राम डाकेवाली डगरोली में हुआ, महाविद्यालय के स्वयंसेवी आसपास के गांव-गांव घूम कर लोगों को कौशल विकास हेतु युवा के विभिन्न पहलुओं जैसे स्वच्छता, शिक्षा, कंप्यूटर भाषा, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण आदि विषय पर जागरूक कर रहे थे, जिसका सोमवार को सफल समापन हुआ, इस अवसर पर संस्थान निदेशक पुनीत अग्रवाल ने सभी को सफल शिविर के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी, इस दौरान श्रेष्ठ स्वयंसेवक एवं खेलकूद ,गायन ,वादन, पहेली, अंताक्षरी आदि के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया । उन्होंने कहा कि जीवन में प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव को सकारात्मक रूप में प्रयोग करें । नकारात्मक शक्तियों से बचे, कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ राकेश आर्य , राजकुमार विनोद कुमार , मनोज शर्मा, लोकेश कुमार, अतुल शर्मा काजल,खुशी अग्रवाल, किरण, कोशिंदर ,अशोक, बबली , हिमांशु , शीतल , रजनी, रवि कुमार आदि सहित सभी स्वयं सेबी उपस्थित रहे

## संस्कृत कार्यक्रम आयोजित हुवे मेला पंडाल माँ संकटा धाम महमूदाबाद मे

**लोक तंत्र की शान, अब्दुल्लाह खान**




**महमूदाबाद, सीतापुर** : श्री संकटा देवी धाम में चल रहे 30 दिवसीय वार्षिक मेले के दौरान रविवार की रात्रि आठ बजे से धाम के सांस्कृतिक मंच पर आयोजित टैलेंट शो के दौरान नौनिहालों ने आकर्षक वेशभूषा में मां दुर्गा स्तुति, अनपढ़ नेता, गरबा, कृष्ण-सुदामा संवाद, कथक, सोशल मीडिया एक्ट, मेक आफ जोक्स, हॉरर कामेडी आदि प्रस्तुत कर बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों का स्वस्थ मनोरंजन किया। धाम के सांस्कृतिक मंच पर चल रहे 30 दिवसीय वार्षिक मेले के दौरान आकर्षक वेशभूषा में अनन्या मौर्या, प्रियांशी वर्मा, मनीषा वर्मा, शौर्या सोनी, अर्चना यादव, श्रेया रॉय, विक्की, अंशिका वर्मा ने महिषासुर मर्दिनी एक्ट की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। नैतिक कमल, अंश दुबे, अनुपम यादव, अमन यादव, नील रॉय, यश वर्मा द्वारा प्रस्तुत अनपढ़ नेता जी का इंटरव्यू, सानिध्य मिश्र, अनिकेत पोरवार, प्रगति सिंह, आदित्य द्वारा प्रस्तुत मेक जोक, अभिनव अवस्थी, आदित्य प्रजापति, आदर्श, दिव्यांश यादव, सत्यदीप सिंह, अंशिका यादव, रिया वर्मा द्वारा प्रस्तुत रोल ऑफ एजूकेशन इन कैरियर बिल्डिंग ने जहां दर्शकों को खूब हसाया वहीं सोचने पर मजबूर किया। अंकिता देवी, प्रिया वर्मा, आस्था मौर्या, अतिशय, अमृत वर्मा, अरूण प्रताप, अपूर्व वर्मा, वैभव वर्मा, श्रेष्ठ दीक्षित, आयू सिंह, आयुष वर्मा, अंश वर्मा, अभय सिंह यादव ने संदेशे आते हैं पर प्रस्तुति देकर देशभक्ति का संचार किया। परी गुप्ता, दिव्या गुप्ता, अनुज्ञा गुप्ता, अभिषेक दत्त, आस्था वर्मा, युगांक वर्मा ने कृष्ण-सुदामा मिलन एक्ट में बहुत ही मार्मिक प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। मान्या पांडेय, नित्या रस्तोगी, आयूषी मिश्रा, पीहू मिश्रा, अन्वी निगम, निष्ठा वाजपेयी, जिगिशा शुक्ला, अराध्या श्रीवास्तव, आन्या अवस्थी ने गरबा, तनवी राज, आराध्या तिवारी, वेदांगी पटेल, काव्या मिश्रा, प्रतिष्ठा वर्मा, अर्पिता वर्मा, किन्जल प्रजापति, शिवांकी पोरवाल ने योगा डांस जय हो, सृष्टि दीक्षित, चिन्मयी नाग, शिवन्या पाण्डेय, अनन्या, विशमया मिश्रा, आकृति ने ग्रुप डांस इतनी सी हँसी, शिवांशी सिंह, अन्वी सिंह, पीहू गुप्ता, साम्भवी गुप्ता, प्राज्ञान्श मिश्रा, अक्षांश वर्मा, तेजस गुप्त, आलोक कुमार ने किड्स डांस गलती से मिस्टेक, शगुन बैसवार, आरूषि सोनी ने कथक, रिशिका सिंह, अनन्या पटेल, आराध्या, दीपांशी वर्मा ने ग्रुप डांस घर आजा परदेशी, दीपांशी वर्मा, आंचल सिंह, आराधना तिवारी, शिवांकी पोरवाल, आरूषी शुक्ला द्वारा हॉरर कॉमेडी, रित्विक नाग, सुब्रमन्यम अवस्थी ने हम नहीं सुधरेंगें, काव्या गुप्ता, अपूर्वा वर्मा ने डांससेप ऑफ युद्ध व आदित्य प्रजापति ने नाना पाटेकर के डायलॉग पर अपनी आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारम्भ पुलिस क्षेत्राधिकारी वेद प्रकाश श्रीवास्तव व राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने दीप प्रज्ज्वन व मां संकटा देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। धाम समिति के द्वारा अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण व स्मृतिचिन्ह भेंटकर किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम के दौरान मंदिर समिति अध्यक्ष आरके वाजपेयी, मंत्री शिवम विक्रांत, ज्ञानेश मिश्र, मेला मैनेजर अशोक नाग, उमेश वर्मा, अनूप सूरज, राजीव पांडेय, आलोक वर्मा, विवेकानंद द्विवेदी, प्रतिभा सिंह, अल्पना त्रिपाठी, मंजू सिंह, उर्वशी, प्रियंका अवस्थी, श्रद्धा श्रीवास्तव, निधि गुप्ता, महक गुप्ता, वैष्णवी श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में दर्शकों ने बच्चों के कार्यक्रम की जमकर सराहना की।

## अंदर से ज्ञान के आधार पर स्मार्ट बने, वेशभूषा के आधार पर स्मार्ट बनने का कोई लाभ नहींः आज्जनेय कुमार सिंह

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर/ सैद नंगलीः** सोमवार को कस्बा सैद नंगली के विद्या भारती विद्यालय में वार्षिक परीक्षा फल पुरस्कार वितरण एवं नवनिर्मित केशव सभागार, स्मार्ट बोर्ड, शीतल प्याऊ व टाइल्स बिछावन कार्य का लोकार्पण मुरादाबाद मंडल आयुक्त आज्जनेय कुमार सिंह द्वारा किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से प्रारंभ हुआ, प्रधानाचार्य दिवाकर पांडे ने सभी अतिथियों का परिचय कराते हुए स्वागत किया प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ पुनीत गुप्ता ने विद्यालय स्थापना से लेकर वर्तमान शत्र तक की यात्रा को अपने शब्दों में प्रस्तुत किया, वही प्रधानाचार्य दिवाकर पांडे ने वार्षिक परीक्षा फल सत्र 2025/ 26 की घोषणा करते हुए परीक्षाफल प्रस्तुत किया, इस मौके पर मुख्य अतिथि मंडल आयुक्त आज्जनेय कुमार सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को सफलता की शुभकामना देते हुए ज्ञान और विज्ञान के महत्व को जीवन में धारण करने की अपील की, वहीं उन्होंने कहा कि स्मार्ट बनना है तो अंदर से स्मार्ट बने ज्ञान के आधार पर स्मार्ट बने वेशभूषा के आधार पर स्मार्ट बनने का कोई लाभ नहीं है, वहीं उन्होंने कहा कि ज्ञान प्राप्ति का आधार पुस्तक और शिक्षक दोनों ही हैं, प्रदेश निरीक्षक मेरठ हेमराज सिंह ने छात्र-छात्राओं को सफलता हेतु शुभकामनाएं दी, वहीं मुख्य वक्ता अक्षी अग्रवाल ने विद्या भारती द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी साथ ही छात्र-छात्राओं की सफलता पर शुभकामनाएं दी, प्रधानाचार्य दिवाकर पांडे ने सभी अतिथियों का एवं अभिभावकों का धन्यवाद प्रकट किया, इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल आयुक्त आज्जनेय कुमार सिंह,अक्षी अग्रवाल, हेमराज सिंह, डॉ पुनीत गुप्ता, डॉ ऋचा गुप्ता, अभिनव कौशिक, सलिल भारद्वाज, राजीव कुमार, अखिलेश कुमार, हसनपुर एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, कृष्ण कुमार शर्मा, राजाराम, जयवीर सिंह, राहुल त्यागी, हसनपुर ब्लाक प्रमुख ममता गुर्जर, बाबूराम भटनागर, मनोज कुमार भटनागर, शुभनीत गुप्ता, भूदेव सिंह, राकेश कुमार, वैभव अहलावत, आनंद कुमार सिंह, वीणा अग्रवाल, नीटू भाटी, सुरेश त्यागी, पिंटू चौहान, सुशील पोसवाल आदि सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहे, वही कार्यक्रम का सफल संचालन आरुषि नगर, कशिश तथा संजीव कुमार द्वारा किया गया ।

## संक्षिप्त समाचार

### सहरसा में कुख्यात चन्नू मुखिया गिरफ्तार, नाबालिग से दुष्कर्म प्रयास मामले में बड़ी कार्रवाई

**लोकतंत्र की शान : सहरसा, मो. ज़ियाउद्दीन, संवाददाताः** सहरसा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी मो. आवेश करनी उर्फ चन्नू मुखिया को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर एक मजदूर की पत्नी और उसकी नाबालिग बेटी के साथ जबरन अशोभनीय कृत्य करने के प्रयास का गंभीर आरोप है। घटना 29 मार्च 2026 की दोपहर की है, जब सदर थाना क्षेत्र में स्थित एक भट्ठा परिसर में आरोपी ने मजदूर की पत्नी एवं नाबालिग पुत्री के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने मजदूर की पत्नी को गोली मारकर घायल कर दिया। घायल महिला को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम तथा जिला आसूचना इकाई को भी जांच में लगाया गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वैज्ञानिक अनुसंधान एवं छापेमारी कर मुख्य आरोपी चन्नू मुखिया और उसके सहयोगी अमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही भट्ठा परिसर से नाबालिग लड़की को सुरक्षित बरामद किया गया। इस मामले में सदर थाना में विभिन्न धाराओं (126(2), 127(2), 109, 118, 74, 351 सहित पॉक्सो एक्ट एवं आर्म्स एक्ट) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़िता के बयान के आधार पर महिला थाना में भी अलग से केस दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि चन्नू मुखिया का आपराधिक इतिहास काफी लंबा रहा है। उस पर हत्या, लूट, अपहरण, दुष्कर्म सहित कई गंभीर मामलों में दर्जनों केस पहले से दर्ज हैं। पुलिस अब उसके पूरे नेटवर्क और पूर्व मामलों की भी गहन जांच कर रही है। सहरसा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम द्वारा इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस ने आम जनता को आश्वस्त किया है कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

### पातेपुर थाने का दारोगा अरेस्ट, विजिलेंस ब्यूरो ने 15,000 रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने सख्त कार्रवाई करते हुए पातेपुर थाना में तैनात दारोगा (सब-इंस्पेक्टर) अखिलेश सिंह को 15,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ अरेस्ट कर लिया। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। निगरानी विभाग के डीएसपी सत्येंद्र राम के अनुसार, परिवादी चंदन कुमार ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि पातेपुर थाना में मामले के अनुसंधानकर्ता (आईओ) अखिलेश सिंह केस डायरी लिखने और मामले के निपटारे के बदले 15,000 की रिश्वत मांग रहे थे। शिकायत के सत्यापन के बाद आरोप सही पाए गए, जिसके बाद निगरानी विभाग ने एक विशेष टीम का गठन किया। डीएसपी सत्येंद्र राम के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम ने सोमवार को जाल बिछाया और जैसे ही दारोगा ने परिवादी से रिश्वत की रकम ली, टीम ने मौके पर ही उन्हें दबोच लिया। कार्रवाई में सुनील कुमार सिंह, रवि कुमार और रितेश कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी भी शामिल थे। गिरफ्तारी के बाद निगरानी टीम ने पातेपुर थाना परिसर में ही आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी दारोगा को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए पटना स्थित निगरानी की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। निगरानी डीएसपी ने दो टूक कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त किसी भी सरकारी कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में विभाग की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### 165 चोरी मोबाइल बरामद, ऑपरेशन मुस्कान के तहत 40 लाख से अधिक के फोन मालिकों को सौंपे

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी और गुम हुए कुल 165 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इन मोबाइलों की कुल कीमत 40 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। यह कार्रवाई वैशाली जिले के हाजीपुर में की गई। मोबाइल बरामद होने की सूचना मिलने पर जिले के अलग-अलग इलाकों से 165 लोग एसपी कार्यालय पहुंचे। लंबे समय से खोए अपने फोन वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। वैशाली के पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने एसपी कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सभी लोगों को बारी-बारी से उनके मोबाइल फोन सौंपे। इस दौरान लोगों ने पुलिस की कार्यशैली की सराहना की और धन्यवाद भी दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ऑपरेशन मुस्कान के तहत तकनीकी टीम की मदद से इन मोबाइल फोन को ट्रैक कर बरामद किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन को उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाना है। वैशाली पुलिस की इस पहल से लोगों का पुलिस पर भरोसा मजबूत हुआ है। यह दर्शाता है कि सतर्क पुलिसिंग और तकनीक के सही इस्तेमाल से आम जनता को बड़ी राहत मिल सकती है।

### मैट्रिक में फेल छात्रा ने सुसाइड की कोशिश की, बच्ची को परिजनों ने फंदे से उतारा, गंभीर हालत में पटना रेफर

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली के सदर थाना क्षेत्र के आस्तीपुर गांव में मैट्रिक परीक्षा में फेल होने के बाद एक 15 वर्षीय छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। गंभीर हालत में उसे हाजीपुर सदर अस्पताल से पटना पीएमसीएच रेफर किया गया है। घटना तब सामने आई जब छात्रा की बहन ने उसे फांसी पर लटका देखा और शोर मचाया। शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और छात्रा को फंदे से नीचे उतारा। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घायल छात्रा को आनन-फानन में हाजीपुर सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। घायल छात्रा की पहचान आस्तीपुर गांव निवासी 15 वर्षीय करिश्मा कुमारी के रूप में हुई है। डायल 112 के पुलिसकर्मी विजय कुमार राघव ने बताया कि उन्हें शाम करीब 6:30 बजे कॉल मिली थी कि मैट्रिक में फेल होने के कारण एक लड़की ने फांसी लगा ली है। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया।

### युवक का अपहरण, 24 घंटे में बरामद, बकाया पैसे के विवाद में भागलपुर के 3 आरोपी गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली पुलिस ने अपनी तत्परता का परिचय देते हुए एक अपहृत युवक को 24 घंटे के भीतर सुरक्षित बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। यह अपहरण पैसे के लेनदेन के विवाद को लेकर किया गया था। वैशाली एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि 27 मार्च को एनएच 22 पर स्थित सराय थाना को सूचना मिली थी कि कुछ अज्ञात लोगों ने कार सवार एक युवक का अपहरण कर लिया है। युवक की कार एनएच पर लावारिस हालत में खड़ी मिली थी। सूचना मिलते ही सराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार की जांच की। जांच में पता चला कि कार मुजफ्फरपुर के मनियारी थाना क्षेत्र निवासी सत्यम परासर की है। पुलिस ने सत्यम के परिजनों से संपर्क किया, जिसके बाद मामले की जानकारी सामने आई। पुलिस को पता चला कि सत्यम का पैसे को लेकर कई लोगों से विवाद चल रहा था। इसी बीच, सत्यम की पत्नी को व्हाट्सएप कॉल पर एक मैसेज आया, जिसमें बकाया 5 लाख रुपये देने या सत्यम की हत्या करने की धमकी दी गई थी। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने गहन छानबीन शुरू की। वैशाली पुलिस की टीम भागलपुर पहुंची। भागलपुर से पुलिस ने सत्यम को सुरक्षित बरामद कर लिया और इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रवि कुमार, अभिषेक कुमार और आशीष कुमार के रूप में हुई है। इनमें से दो आरोपी भागलपुर के निवासी हैं, जबकि आशीष झारखंड का रहने वाला है। एसपी ने बताया कि आरोपियों का सत्यम पर 1 लाख रुपये बकाया था। बार-बार पैसे मांगने पर भी सत्यम भुगतान नहीं कर रहा था, जिससे परेशान होकर आरोपियों ने अपहरण की यह साजिश रची।

# सहरसा में यूरिया की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त, औचक छापेमारी के निर्देश

लोकतंत्र की शान




**सहरसा,मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** सहरसा जिला प्रशासन ने यूरिया की कालाबाजारी, जमाखोरी और अवैध डाइवर्जन के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उर्वरक विक्रेताओं और बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी जारी की है। यह कदम भारत सरकार के उर्वरक विभाग से प्राप्त निर्देशों एवं रबी सीजन के दौरान यूरिया की बिक्री में असामान्य वृद्धि को देखते हुए उठाया गया है। हालिया आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि जिले में यूरिया की पीओएस (POS) बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में 387 मीट्रिक टन, यानी लगभग 15 प्रतिशत की अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की गई है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, 'लीन पीरियड' में इतनी अधिक खपत सामान्य नहीं मानी जाती, जिससे कालाबाजारी और अवैध उपयोग की आशंका बढ़ गई है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। सभी प्रखंड कृषि अधिकारियों (BAO) को अपने-अपने क्षेत्रों में खाद दुकानों और गोदामों का औचक निरीक्षण करने को कहा गया है। यदि स्टॉक रजिस्टर और पीओएस मशीन के आंकड़ों में किसी प्रकार की विसंगति पाई जाती है, तो संबंधित विक्रेता का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। प्रशासन को यह भी सूचना मिली है कि कृषि के लिए आवंटित यूरिया का उपयोग गैर-कृषि कार्यों, औद्योगिक उपयोग या सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध रूप से भेजने के लिए किया जा रहा है। ऐसे मामलों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ 'उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985' एवं 'आवश्यक वस्तु अधिनियम' के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकृत विक्रेताओं को निर्देश दिया गया है कि वे केवल वास्तविक किसानों को ही आधार आधारित सत्यापन के बाद निर्धारित मूल्य पर यूरिया उपलब्ध कराएं। साथ ही, अनावश्यक 'पैनिक बाइंग' को रोकने के लिए किसानों को भी जागरूक करने पर जोर दिया गया है। जिला प्रशासन ने संदिग्ध बिक्री केंद्रों की पहचान कर ली है और वहां विशेष निगरानी शुरू कर दी गई है, ताकि आगामी खरीफ-2026 सीजन के लिए पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किया जा सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है और यूरिया की कृत्रिम कमी पैदा करने या कालाबाजारी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि उर्वरक केवल वास्तविक किसानों तक ही पहुंचे।

# रोहिणी बोलीं- चाचा बिहार से तड़ीपार किए गए

लोकतंत्र की शान , पटना



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज MLC पद से इस्तीफा दे दिया। अब वो बिहार विधान परिषद के सदस्य नहीं रहे। सीएम के इस्तीफा देने के बाद मंत्री अशोक चौधरी फफक-फफकर रो पड़े। उन्होंने कहा, 'नीतीश कुमार जैसा देश में दूसरा कोई नहीं हो सकता है।' वहीं तेजस्वी यादव ने नीतीश के इस्तीफा पर कहा, 'दबाव में इस्तीफा लिया गया है।' तेजस्वी ने मंत्री अशोक चौधरी को एक्टर बताया। कहा कि ये लोग पढ़ा भी लेते हैं और एक्टिंग भी कर लेते हैं। वहीं कांग्रेस सांसद अखिलेश सिंह ने कहा है कि नीतीश कुमार ने बिहार में बीजेपी के लिए रास्ता बनाया है। जबकि रोहिणी आचार्य ने कहा है कि चाचाजी बिहार से तड़ीपार कर दिए गए हैं।

तेजस्वी ने कहा, 'बिना नीतीश जी की मर्जी से दबाव में फैसला लिया गया है। बिहार में बीजेपी के लोगों ने नीतीश जी को तो ठगा ही साथ ही साथ बिहार की जनता को ठगने का काम किया। हम शुरू से कहते थे NDA की सरकार आई तो नीतीश मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। वही हुआ भी। चुनाव में इन लोगों ने जो गनतंत्र और मशीन तंत्र लगाया था। महिलाओं से वादा किया कि 2 लाख रुपए देंगे। वो कब मिलेंगे पता नहीं। बिहार में देश से सबसे महंगी बिजली है। सरकार ने फिर रेट बढ़ाए हैं। ये ठगों की सरकार है।' तेजस्वी यादव ने कहा, 'बिहार में लॉ-एंड-ऑर्डर फेल है। रोज लोग मारे जा रहे हैं, बीजेपी सिर्फ हर तरफ कब्जा करने में लगी है। ये तो तय हो गया है कि नीतीश जी को बीजेपी ने ठगा है। ये भी तय हो गया है कि नीतीश अब मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। आजतक लोग सिर्फ कैमरा देखकर ड्रामा कर करते हैं। वो लोग कलाकार हैं। ऐसे लोगों पर मुझे कुछ नहीं कहना। 2012 से बिहार में कोई स्टेबल सरकार नहीं है।'

## 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम में जनता की समस्याओं की सुनवाई, छह मामलों के निष्पादन के निर्देश

लोकतंत्र की शान





**सहरसा, मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** कोशी प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को "सबका सम्मान-जीवन आसान" (Ease of Living) कार्यक्रम के तहत आम नागरिकों से संवाद एवं शिकायतों की सुनवाई की गई। इस दौरान कुल छह आवेदनों पर समेकित रूप से विचार करते हुए संबंधित विभागों को उनके त्वरित एवं सम्यक निष्पादन के निर्देश दिए गए। यह कार्यक्रम सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। सुनवाई के दौरान सलखुआ प्रखंड के मुबारकपुर निवासी अशोक राम एवं अन्य ग्रामीणों ने पंचायत सरकार भवन के अपूर्ण निर्माण का मुद्दा उठाया। वहीं, पतरघट निवासी केनडुला देवी ने भूमि विवाद से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया, जबकि सत्तरकटैया निवासी मनोज कुमार वर्मा ने अतिक्रमण से जुड़ी शिकायत दर्ज कराई। प्रमंडलीय आयुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर इन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित निवारण प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान आयुक्त के सचिव दिनेश लाल दास सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सौरबाजार में मासूम को गोली लगने की घटना का खुलासा, पिता ही निकला आरोपी

लोकतंत्र की शान



**सहरसा,मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** सहरसा जिले के सौरबाजार थाना क्षेत्र में चार वर्षीय बच्ची को गोली लगने की घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस मामले में बच्ची का पिता ही आरोपी निकला। पुलिस के अनुसार, 29 मार्च 2026 की सुबह करीब 9 बजे सौरबाजार थाना को सूचना मिली कि मधुरा वार्ड संख्या-05 में एक 4 वर्षीय बच्ची के सिर में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई है। बच्ची का इलाज सहरसा के एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-01 के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया। टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और पीड़ित पक्ष से पूछताछ की। वादी के फर्दबयान के आधार पर सौरबाजार थाना कांड संख्या 83/26, दिनांक 29.03.2026 के तहत धारा 109 बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। घटनास्थल पर एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड की सहायता से वैज्ञानिक जांच की गई तथा रक्त के नमूने एकत्र किए गए। प्रारंभिक पूछताछ में स्थानीय लोगों ने विकास कुमार पर संदेह जताया, लेकिन जब पुलिस ने वादी से सघन पूछताछ की तो उसके बयान में विरोधाभास सामने आया। कड़ाई से पूछताछ करने पर वादी विकास कुमार ने स्वयं इस घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उसने बताया कि हथियार के साथ छेड़छाड़ के दौरान अचानक गोली चल गई, जिससे उसकी पुत्री घायल हो गई। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घर से घटना में प्रयुक्त 7.65 एमएम देशी पिस्टल, मैगजीन और दो जिंदा कारतूस बरामद किए। यह भी सामने आया कि घटना के बाद साक्ष्य मिटाने के लिए खून के धब्बों को पानी से धोने की कोशिश की गई थी। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विकास कुमार (पुत्र–सूर्यनारायण शर्मा), निवासी मधुरा वार्ड संख्या-05, थाना सौरबाजार, जिला सहरसा के रूप में हुई है। इस कार्रवाई में पुलिस उपाधीक्षक धीरेन्द्र पाण्डेय, थानाध्यक्ष खालिद हायात, पु.नि. प्रभाकर भारती, पु.अ.नि. सुजाता रानी, पु.अ.नि. सत्यप्रकाश सहित जिला आसूचना इकाई और सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है तथा बच्ची के इलाज पर भी नजर रखी जा रही है।

# सहरसा में पेट्रोल-डीजल व एलपीजी आपूर्ति की समीक्षा, पैनिक बाइंग न करने की अपील

लोकतंत्र की शान



**सहरसा,मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** जिला पदाधिकारी, सहरसा की अध्यक्षता में सोमवार को पेट्रोलियम पदार्थों एवं घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की उपलब्धता को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मध्य-पूर्व एशिया में जारी वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए जिले में डीजल, पेट्रोल एवं सिटी गैस प्रोजेक्ट (PNG) की प्रगति पर चर्चा की गई। बैठक में तेल विपणन कंपनियों (OMCs) के जिला प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। प्रशासन ने बताया कि सरकारी नियमों के तहत खुले जारिकेन या ड्रम में पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर प्रतिबंध है, जिसके कारण कुछ भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई है। आम नागरिकों से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की पैनिक बाइंग से बचें, क्योंकि जिले में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। एलपीजी आपूर्ति की समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि बॉटलिंग प्लांट तीन दिनों तक बंद रहने के कारण शहरी क्षेत्रों में प्रतीक्षा अवधि बढ़ गई है। इस पर जिला पदाधिकारी ने अरुणित गैस एजेंसी (2709 लंबित बुकिंग) और राजा इंडेन एजेंसी (621 लंबित बुकिंग) में अधिक पेंडेंसी पर नाराजगी जताते हुए तेल कंपनियों के जिला प्रबंधकों को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही निर्देश दिया गया कि अतिरिक्त लोड मंगाकर जल्द से जल्द बैकलॉग समाप्त किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि अब बॉटलिंग प्लांट से आपूर्ति बहाल हो चुकी है और जल्द ही स्थिति सामान्य हो जाएगी। आंकड़ों के अनुसार, इंडेन गैस में 9378, भारत गैस में 1997 तथा एचपी गैस में 5579 रिफिल बुकिंग लंबित हैं, जिन्हें अगले कुछ दिनों में क्लियर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (IOCL) के प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (PNG) परियोजना पर तेजी से कार्य जारी है और अप्रैल माह में पहली आपूर्ति शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। जिला पदाधिकारी ने सभी तेल कंपनियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही कालाबाजारी रोकने के लिए प्रखंड स्तर पर नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया।

## पटना नारकोटिक्स टीम पर हमला मामले में 3 महिलाएं गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान , पटना




राजधानी पटना में नारकोटिक्स टीम पर हमले के मामले में पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के चिन्ना कोठी में रविवार को की गई छापेमारी में पुलिस ने तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। पुलिस के अनुसार, अब तक करीब 30 आरोपियों की पहचान कर ली गई है। CCTV फुटेज और स्थानीय इनपुट के आधार पर अन्य लोगों की पहचान की कोशिश जारी है।

**शरारती तत्वों को नहीं बख्शेंगे- पुलिसः** थानेदार पल्लव ने बताया कि, रविवार के दिन भी पटना पुलिस की ओर से चिन्ना कोठी में शरारती तत्वों के खिलाफ रेड की गई, जिसमें 3 महिलाएं पकड़ी गई हैं। एक का अपराधिक इतिहास भी पाया गया है। थानेदार ने कहा कि, 'किसी भी शरारती तत्व को नहीं बख्शा जायेगा। लगातार कार्रवाई जारी है। अब तक इस मामले में सात आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।'

**क्या है पूरा मामलाः** नारकोटिक्स टीम को पटना के चीन कोठी में मादक पदार्थों की तस्करी की सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर 5 सदस्यी नारकोटिक्स की टीम ने बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के चिन्ना कोठी में 17 मार्च की सुबह 11:45 बजे छापेमारी करने पहुंची थी। रेड के दौरान नारकोटिक्स टीम सादे लिबास में थी। इस दौरान मादक पदार्थ स्मैक की पुड़िया बेचते हुए आकाश धांगर नाम का आरोपी पकड़ा गया था। टीम उसे पड़कर आगे बढ़ने लगी। तभी वहां मौजूद शरारती तत्वों ने रोड़ेबाजी शुरू कर दी और नारकोटिक्स टीम पर ईंट पत्थर फेंकने लगे।

# अनंत सिंह के गांव में जुटेंगे देश-विदेश के पहलवान

लोकतंत्र की शान , पटना



मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत कुमार सिंह अपने पैतृक गांव नदावां में 3 अप्रैल को विराट कुश्ती अंतरराष्ट्रीय ऐतिहासिक महा दंगल का आयोजन कराने जा रहे हैं। यह आयोजन बिहार केसरी स्वर्गीय विवेका पहलवान की पहली पुण्यतिथि के अवसर पर किया जा रहा है। दंगल दोपहर 12 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम के आयोजन में अनंत सिंह के साथ सदानंद पहलवान, अरविंद पहलवान, राजवीर पहलवान और स्थानीय ग्रामीण सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। इस महा दंगल में देश और विदेश के कई नामी पहलवान हिस्सा लेंगे। इनमें ईरान के शभीव और इरफान, जर्मनी के Tuddo के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के अजीत कुमार समेत कई पहलवान शामिल होंगे।

**तैयारियों का लिया जायजा, 10 लाख की भीड़ का दावाः** आयोजन से दो दिन पहले अनंत कुमार सिंह ने खुद गांव पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने दावा किया कि इस महा दंगल में 10 लाख से अधिक लोगों के पहुंचने की संभावना है। सभी को खुले दिल से आमंत्रित किया गया है। इस खास मौके पर भोजपुरी सिंगर गुंजन सिंह भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे, जिससे आयोजन में सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिलेगा। ग्रामीण इलाकों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह है और इसे क्षेत्र का बड़ा खेल आयोजन माना जा रहा है।

## कोशी प्रमंडल में अनुशासनिक मामलों की समीक्षा, त्वरित निष्पादन के निर्देश

लोकतंत्र की शान





**सहरसा, मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** कोशी प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को अनुशासनिक कार्यवाहियों की प्रगति को लेकर समीक्षात्मक बैठक एवं प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। बैठक में छह माह से अधिक समय से लंबित विभागीय मामलों पर विशेष चर्चा करते हुए उनके त्वरित एवं सम्यक निष्पादन की आवश्यकता पर बल दिया गया। समीक्षा के दौरान लंबित मामलों के कारणों का विस्तृत आकलन किया गया। आयुक्त ने निर्देश दिया कि सभी संबंधित पदाधिकारी अनुशासनिक कार्यवाहियों से जुड़े नियमों का गंभीरता से अध्ययन करें तथा स्थापित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करते हुए मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिला स्तर पर भी इसी प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति लाई जा सके। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि एक माह बाद इन मामलों की पुनः समीक्षा की जाएगी और तब तक लंबित प्रकरणों का निस्तारण अपेक्षित होगा। इस अवसर पर सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय से जुड़े उप सचिव राज्यवर्धन ने कहा कि अनुशासनिक मामलों का समयबद्ध निष्पादन सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसकी निगरानी निदेशालय स्तर से की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य संबंधित अधिकारियों को नियमों की विस्तृत जानकारी देकर कार्यवाही को गति प्रदान करना है। बैठक में आयुक्त के सचिव दिनेश लाल दास, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) संजीव कुमार चौधरी, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) गणेश कुमार, अपर समाहर्ता निशांत तथा मधेपुरा और सुपौल के अपर समाहर्ता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन सख्त मार्ग अवरुद्ध की की गई कार्रवाई,

**» ग्रामीणों की शिकायत पर कलेक्टर के निर्देश, संयुक्त दल ने की प्रभावी कार्यवाही**



(ऋचा पाण्डेय की रिपोर्ट)

**लोकतंत्र की शान सीधी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विकास मिश्रा के निर्देशानुसार तथा जिला खनिज अधिकारी कपिलमुनि शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले में अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रभारी खनि निरीक्षक श्री शिशिर यादव एवं श्री देवेंद्र महोबे के नेतृत्व में खनिज विभाग एवं थाना कुसमी के संयुक्त दल द्वारा ग्राम गोतरा स्थित गोपद नदी घाटों में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्रवाई की गई। दिनांक 29 मार्च 2026 को संयुक्त दल द्वारा मौके पर पहुंचकर अवैध उत्खनन में प्रयुक्त मार्ग को गड्ढा खोदकर अवरुद्ध किया गया, ताकि रेत के अवैध परिवहन पर पूर्णतः रोक लगाई जा सके। यह कार्रवाई 28 मार्च 2026 को कुसमी (टमसार) में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित शिविर के दौरान ग्रामीणों से प्राप्त शिकायत के आधार पर कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप की गई है।

**वाहन जब्ती की भी कार्रवाई**–उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 26 मार्च 2026 को खनिज विभाग की टीम द्वारा गोतरा एवं आसपास के क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान दो हाइवा वाहन (क्रमशः MP53ZE8899 एवं बिना नंबर का वाहन MAT448236JAA01437) को अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया। दोनों वाहनों को नियमानुसार जब्त कर उनके चालकों/स्वामियों के विरुद्ध म.प्र. खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध खनन गतिविधियों के विरुद्ध आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### फतेहपुरः मेधावी छात्रा सना बनी स्कूल टॉपर, उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिली साइकिल





**लोकतंत्र की शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेशः कटनी ,** को प्राथमिक विद्यालय अस्ती में 'मेधा अलंकरण समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अन्नु श्रीवास्तव द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को स्नेह एवं उपहार देकर प्रोत्साहित किया, जिससे विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। समारोह के दौरान कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रति छात्र नकद धनराशि प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया गया। विद्यालय की विशेष परंपरा के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष मेधावी छात्रों को साइकिल प्रदान की जाती है। इस वर्ष कक्षा 5 की छात्रा सना ने 99% अंक प्राप्त कर अपनी कक्षा के 55 छात्रों को पीछे छोड़ते हुए स्कूल टॉपर का गौरव हासिल किया और साइकिल पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती आसिया फारूकी ने कक्षा 5 के छात्रों को भावभीनी विदाई भी दी। इस अवसर पर महिला अभिभावकों एवं विद्यालय की रसोइयों को भी अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन उत्साह और प्रेरणा के वातावरण के साथ हुआ।

### भगवान परशुराम प्रकटोत्सव इस बार और भी भव्य रूप से मनाया जाएगा : पंडित विनय शर्मा

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहाः हसनपुरः** रविवार को नगर में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने भगवान परशुराम जी के प्रकटोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया, बता ते चले कि रविवार की देर श्याम पंडित कमल शर्मा के आवास पर ब्राह्मण महासभा की एक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता पंडित विनय कुमार शर्मा ने की, बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की 19 अप्रैल को प्रातः 9 बजे भगवान परशुराम जी के प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर भव्य हवन का आयोजन किया जाएगा इसके साथ ही 26 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से नगर में भगवान परशुराम जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, महासभा ने बताया कि सभी कार्यक्रम पंडित बृजलाल पुरोहित ब्राह्मण धर्मशाला के सत्संग भवन में संपन्न होंगे, इस मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा हसनपुर के नगर अध्यक्ष एवं बैठक की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष पंडित विनय शर्मा ने कहा कि इस बार भगवान परशुराम प्रकटोत्सव कार्यक्रम पहले से भी भव्य एवं आकर्षक रूप से आयोजित किए जाएंगे वहीं उन्होंने ब्राह्मण समाज के लोगों से सभी कार्यक्रमों में बढ़कर का हिस्सा लेने का आह्वान किया, साथ ही उन्होंने कमेटी के लोगों से कहा कि सभी ब्राह्मण सभा के सदस्य प्रत्येक ब्राह्मण परिवार के घर-घर जाकर संपर्क साधेगे और अधिक से अधिक समाज के लोगों को कार्यक्रम में आने के लिए प्रेरित करेंगे, इस मौके पर बैठक में मुख्य रूप से विवेक शर्मा, विशाल शर्मा, कमल शर्मा, विशाल शर्मा एडवोकेट, राहुल शर्मा, अश्वनी शर्मा, मंगल सेन शर्मा, पंडित महेश चंद शर्मा, प्रशांत शर्मा कपिल शर्मा, शलभ शर्मा, सुंदरलाल शर्मा तथा मधुसूदन शर्मा आदि सहित भारी संख्या में ब्राह्मण बंधु मौजूद रहे ।



# गर्भवती की मौत पर परिजनों ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

लोकतंत्र की शान



**सीधी।** जिले के सेमरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोठार में एक गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतिका के मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताडऩा और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका दिव्या सिंह बघेल 28 वर्ष पति विजय बहादुर सिंह, निवासी ग्राम कोठार, सेमरिया की तबीयत अचानक बिगडऩे के बाद मौत हो गई। बताया गया कि दिव्या सिंह की शादी जुलाई 2024 में विजय बहादुर सिंह के साथ हुई थी। दिव्या मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के हलिया थाना क्षेत्र के ग्राम सुबाव की रहने वाली थीं। मृतिका के मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही दिव्या को दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाता था और उसके साथ मारपीट की जाती थी। परिजनों का कहना है कि ससुराल पक्ष द्वारा उसे अपने मायके वालों से खुलकर बात करने की भी अनुमति नहीं दी जाती थी। बताया गया कि घटना से एक दिन पहले दिव्या की अपनी मां से फोन पर बातचीत हुई थी, जिसमें उसने पेट में तेज दर्द होने की बात कही थी। परिजनों के अनुसार दिव्या ने बताया था कि उसे पिछले दिन से ही दर्द हो रहा था, लेकिन उसे किसी डॉक्टर के पास नहीं ले जाया गया, जबकि कोठार से सेमरिया स्वास्थ्य केंद्र काफी नजदीक है और वहां आसानी से उपचार कराया जा सकता था। परिजनों का कहना है कि हालत ज्यादा बिगडऩे के बाद गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे उसे जिला अस्पताल सीधी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतिका के मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए। मृतिका के पिता ब्रह्मदेव सिंह गहरवार, भाई राहुल सिंह तथा अन्य परिजन रुद्र देव सिंह और रंजीत सिंह बघेल ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बेटी की मौत सामान्य नहीं है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**इनका कहना हैं।** मामले में पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। एकता शुक्ला, नायब तहसीलदार।

## सी एम ओ ने वार्डो का भ्रमण कर जनता की सुनी समस्याए


लोकतंत्र की शान (ऋचा पाण्डेय की रिपोर्ट)



**सीधी।** नगर पालिका परिषद सीधी की मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रिया पाठक ने सोमवार सुबह वार्ड क्रमांक 4 के बस्ती का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बस्तीवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित मुद्दों पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। दौरे के दौरान बस्तीवासियों ने आवास, भूमि पट्टा, मूलभूत सुविधाओं तथा महिलाओं के रोजगार से जुड़ी समस्याएं सीएमओ के समक्ष रखीं। स्थानीय लोगों ने बताया कि लंबे समय से कई परिवार मूलभूत सुविधाओं और स्थायी आवास की समस्या से जूझ रहे हैं। इस अवसर पर वंचित शोषित सामाजिक संगठन सीधी की अध्यक्ष कु. भारती बख्शी ने बस्तीवासियों की ओर से एक ज्ञापन सीएमओ को सौंपा। ज्ञापन में गरीब और जरूरतमंद परिवारों की समस्याओं को विस्तार से रखते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई। बस्ती के प्रमुख नागरिकों में बाबूलाल, राममनोहर और नरेंद्र सहित अन्य लोग भी मौके पर मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर अपनी समस्याएं प्रशासन के सामने रखीं। सीएमओ ने आवेदन का अवलोकन करते हुए कहा कि संबंधित समस्याओं पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उनके इस आश्वासन से बस्तीवासियों में उम्मीद की नई किरण जगी है।

## नियमों को ताकपर रखकर की गई अतिथि शिक्षक की नियुक्ति

लोकतंत्र की शान (ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख)



**सीधी।** शासकीय स्कूलों में अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए बनाए गए नियम मापदंड स्कूल के प्राचार्य के लिए कोई मायने नहीं रखता है उन्हें जिनकी नियुक्ति करनी होती है दस्तावेज गायक करके नियुक्ति कर जिम्मेवारी से मुक्त हो जाते हैं कुछ ऐसा ही मामला रामपुर नैकिन जनपद शिक्षा केंद्र के भरतपुर संकुल केंद्र का सामने आया है जहां के तत्कालीन प्राचार्य ने अपने चहेतों को लाभ पहुंचने के नियत से अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी को दरकिनार कर उसे 20 अंक काम पाने वाले अभ्यर्थी के नियुक्ति कर लिया जिसकी शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर संभागीय शिक्षा अधिकारी तक की गई है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है जिसके कारण स्कूल के शिक्षकों के हौसले बुलंद हैं। वर्तमान प्रभारी प्राचार्य ने यह स्वीकार किया कि अतिथि शिक्षक नियुक्ति में अनियमित की गई है जिसके कारण स्कूल में नियुक्ति संबंधी कोई दस्तावेज ही नहीं रखा गया है। बता दें कि मध्य प्रदेश के सीधी जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरतपुर (सीधी) में अतिथि शिक्षक वर्ग-3 की भर्ती प्रक्रिया उस समय विवादों के घेरे में आ गई जब सतेन्द्र सिंह गहरवार नामक आवेदन कर्ता ने संयुक्त संचालक (लोक शिक्षण रीवा संभाग) को पत्र लिखकर चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए बताया कि वर्ष 2025 की अतिथि शिक्षक भर्ती के लिए उन्होंने वर्ग-3 लैब हेतु ऑनलाइन आवेदन किया था। ब्लॉक स्तर में तैयार मेरिट सूची में उनका सतेन्द्र सिंह गहरवार का स्कोर कार्ड अंक 184.71 था लेकिन विद्यालय द्वारा जारी की गई सूची में जिसका नाम सामने आया है उनका मेरे से कम अंक (160.44) है उनका आरोप है निधि सिंह नाम के अभ्यर्थि की नियुक्ति कर ली गई है जबकी उनका अंक बहुत कम है।

## रायपुर से हुई मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी

**» जमीन धोखाधड़ी मामले में ढीमरखेडा पुलिस को मिली सफलता**

लोकतंत्र कि शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश



**कटनी** : पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया व एसडीओपी श्रीमति आंकाक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन में, थाना प्रभारी ढीमरखेडा अभिषेक चौबे के नेतृत्व में महर्षि महेश योगी संस्थान की जमीन धोखाधड़ी मामले में फरार एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण प्राथी रणजीत पटेल पिता घासीराम पटेल निवासी ग्राम बरेली की रिपोर्ट पर आदी पटेल, मुकेश पटेल के विरूद्ध महार्षि की जमीन विक्रय के नाम पर 24 लाख 52 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई थी जो प्रार्थी रणजीत पटैल की रिपोर्ट पर थाना ढीमरखेडा में अपराध क्रमांक 63/26 धारा 318(2), 318 (4).319 (2),336 (3) 61 (2) बीएनएस का प्रकरण उक्त आरोपियों के विरुद्ध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश पतासाजी की गई जो दिनांक 26.03.26 को आरोपी मुकेश पटेल के द्वारा एस.आर. एम. फाउडेंसन ऑफ इण्डिया के नाम से फर्जी बैंक खाता खुलवाया गया था जो उक्त अपने खुलवाये गये फर्जी बैंक खाते से आरोपी मनीष पांडे, दिलीप दुबे द्वारा अपने खाता में पैसा टांसफर कर लिया जाता था आरोपी मुंकूदी पटैल के नाम से भी आरोपी मुकेश पटेल द्वारा फर्जी बैंक खाता खुलवाया था जिससे मनीष पांडे दिलीप दुबे अपने बैंक खातो में पैसा ट्रांसफर कराया जाता था। आरोपी मुंकूदी पटैल एंव मुकेश पटैल को पूर्व में गिरफतार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया था। प्रकरण का एक अन्य आरोपी मनीष पांडे जो की पूर्व में थाना एनकेजे क्षेत्र में रहता था और अपना मकान बेचकर यहां से जा चुका था। थाना ढीमरखेड़ा पुलिस को इसके रायपुर में होने की खबर मिली तो उसे दबोचने के लिए विशेष दल रवाना किया गया और पुलिस दल ने फरार आरोपी मनीष पटेल को रायपुर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जो माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया। पुलिस कार्यवाही में विशेष भूमिका उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी. अभिषेक चौबे, उनि सुरेश चौधरी, आर. पंकज सिंह, आर. डुमनदास की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अनुविभागीय अधिकारी के आदेश को तबज्जों नहीं दे रहा प्रवाचक

**» स्थानांतरण आदेश के बाद भी पुरानी सीट पर जमे**

लोकतंत्र की शान (ऋचा पाण्डेय की रिपोर्ट)




**सीधी।** जिले के तहसील मुख्यालय मझौली में प्रवाचक के रूप में लंबे समय से कार्य कर रहे सुरेंद्र कुमार द्विवेदी को लापरवाही एवं उदासीनता के चलते उपखंड अधिकारी मझौली के द्वारा आदेश दिनांक 17 मार्च 2026 के तहत प्रवाचक के कार्यों से पृथक करते हुए तहसील मड़वास में संबद्ध किए जाने का आदेश जारी किया गया है लेकिन आदेश जारी होने के हप्तों बाद भी प्रवाचक तहसील मुख्यालय मझौली में ही कार्यरत है। जारी आदेश में कहा गया है कि कार्यालय उपखंड अधिकारी मझौली के आदेश क्रमांक 232/प्रवा/2026 दिनांक 17 मार्च 2025 न्यायालय उपखंड अधिकारी के प्रकरण क्रमांक 102 अपील 2020-21 कुसुमवती बैश बनाम मु हेमकली तिवारी वगैरा सा. ताला के निराकरण हेतु तहसीलदार तहसील मझौली को 2023 से 2026 के मध्य कई दिनांक में एवं प्रकरण क्रमांक 132 अपील 2020-21 बिहारी यादव वगैरा बनाम सूर्य दीन बगैरा सा नौढ़िया के निराकरण हेतु तहसीलदार मझौली को वर्ष 2022 से 2025 के मध्य कई दिनांक में पत्र प्रेषित किए जाने के बावजूद अपीलाधीन मूल प्रकरण उपलब्ध नहीं कराने से प्रचलित अपील प्रकरण 5 वर्ष से ऊपर कालावधि में प्रचलित है। आयुक्त रीवा संभाग द्वारा दिनांक 13 मार्च 2026 को जिला मुख्यालय सीधी में आयोजित बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के समीक्षा के दौरान अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए 5 वर्ष से कलावधि से अधिक के प्रकरण को तत्परता से निराकरण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उपरोक्त अपील प्रकरणों को शीघ्र निराकरण के उद्देश्य से कार्यालयीन पत्र क्रमांक 230/ प्रवा/ 2026 दिनांक 16 मार्च 2026 द्वारा तहसीलदार मझौली के प्रकरण क्र 521/अ –74/ 2019-20 आदेश दिनांक 24.12.2020 के मूल प्रकरण उपलब्ध कराए जाने बावत प्रेषित पत्र को सुरेंद्र कुमार द्विवेदी प्रवाचक तहसीलदार तहसील मझौली द्वारा लेने से इनकार किया गया तथा वांछित प्रकरण भी नहीं उपलब्ध कराए गए। श्री द्विवेदी के उक्त कृत्य से स्पष्ट है कि वह प्रवाचक पदीय दायित्व के निर्वहन के प्रति अक्षम एवं उदासीन हैं।अतः सुरेंद्र कुमार द्विवेदी स्थाई कर्मी तहसील मझौली को प्रवाचक तहसीलदार मझौली के कार्यों से पृथक करते हुए तहसील मड़वास में संबद्ध किए जाने एवं रोहित कुमार मांझी सहा वर्ग 03 को प्रवाचक तहसीलदार मझौली के पदीय दायित्व के निर्वहन हेतु आदेशित किया गया है।

## सीधी रामपुर नैकिन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी घोषित

लोकतंत्र की शान (ऋचा पाण्डेय की रिपोर्ट)

**सीधी।** 30 मार्च 2026 - जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष श्री ज्ञान सिंह जी की स्वीकृति के बाद रामपुर नैकिन (विधानसभा चुरहट) की ब्लॉक कार्यकारिणी का अनुमोदन कर दिया गया है. संगठन महासचिव ज्ञानेंद्र कुमार अग्निहोत्री द्वारा जारी पत्र में पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है.

**मुख्य पदाधिकारीः**

ब्लॉक अध्यक्षः श्री प्रदीप द्विवेदी

कोषाध्यक्षः श्री रामजी गुप्ता

उपाध्यक्षः श्री अशोक सिंह, श्री राजेंद्र तिवारी, श्री दामोदर पटेल

महासचिवः श्री कुलदीप सिंह, श्री अरुणशेखर त्रिपाठी, श्री लक्ष्मण साकेत, श्री भगवानदीन यादव, श्री उमाशंकर गुप्ता, श्री अनुराग सिंह

सचिवः श्री अरुण सिंह, श्री प्रकाश सिंह, श्री वीरेंद्र द्विवेदी, श्री रामायण पाण्डेय, श्री मनीष बैस, सुश्री अनीता वर्मा, श्रीमती रुक्मणी सिंह

श्रीमती शांति सिंह

मीडियाः श्री रामबिहारी पाण्डेय

सोशल मीडियाः श्री अवनीश शुक्ला

पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे आपसी सहयोग और समन्वय से पार्टी संगठन को मजबूती देने के लिए सक्रियता से कार्य करें.

## नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन- 4 क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा दिन

**रोडवेज टीम ने जीता मैच**

लोकतंत्र की शानः खिज़र अहमद




**नजीबाबाद।** नेशनल एंटी करप्शन सोल्जर ट्रस्ट द्वारा आयोजित नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन - 4 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन सब रजिस्ट्रार टीम और रोडवेज टीम के बीच मुकाबला रहा। रोडवेज टीम ने मैच जीता। सोमवार की दोपहर को सर्वप्रथम नेशनल एंटी करप्शन सोल्जर ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल द्वारा झंडारोहण किया गया एवं प्रकृति अग्रवाल, शगुन प्रजापति, मयांशि, यशस्वी, ईशानी, परविंदर कौर आदि द्वारा राष्ट्रगान किया गया। जिसके पश्चात संजय कुमार अग्रवाल, दानिश मंसूरी और सभी बच्चों द्वारा दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी गई। अंपायर फाजिल अली व संतोष सिंह की निगरानी में दोनों टीम के बीच मैच खेला गया। रोडवेज विभाग की टीम ने टॉस जीतकर, पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया तथा 7 विकेट के नुकसान पर 282 रन बनाकर जीत हासिल की। सब रजिस्टार टीम 95 रन पर ऑल आउट हो गई। रोडवेज टीम से रविंद्र ने 20 बॉल पर 76 रन बनाए और 4 विकेट लिए व कृष्णा ने 26 बॉल पर 66 रन बनाए और 1 विकेट लिया। रोडवेज टीम से रविंदर मैंन ऑफ द मैच रहे व कृष्णा फाइटर ऑफ़ द मैच रहे। सतनाम सिंह बाजवा, सुरेंद्र चौधरी और संगठन द्वारा रविंद्र को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी व कृष्णा को फाइटर ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई। टूर्नामेंट में सुखदेव सिंह द्वारा मैच की शानदार कमेंट्री की गई। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल, अल्ताफ हुसैन, दानिश मंसूरी, विनीत कुमार विक्की, आदित्य विक्की, अयान सिद्दीकी, हाजी मोहम्मद विशाल, अनवर अंसारी, हिना अग्रवाल, विनीता, मधु माहेश्वरी आदी रहे। क्रिकेट टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण यूट्यूब के जीटी स्पोर्टस चैनल पर चलाया जा रहा है।

## भाजपा, बूथ प्रबंधन के कारण ही आज शिखर पर : सतीश अग्रवाल

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा




**हसनपुरः** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी प्रशिक्षण महाभियान वर्ष 2026 के निमित्त ताहरपुर मंडल के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शुभारंभ सत्र में मुख्य अतिथि पूर्व जिला महामंत्री सतीश अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी, बूथ प्रबंधन के कारण आज शिखर पर है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता का समर्पण भाव, निष्ठा ,त्याग और श्रद्धा जो सदैव मतदान दिवस पर बूथ पर देखने को मिलती है।इसी कारण भारतीय जनता पार्टी लगातार दो बार से उत्तर प्रदेश में और तीन बार से केंद्र सरकार में सत्तारूढ़ है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता राष्ट्रवादी, सकारात्मक ऊर्जा, से भरपूर एवं विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने हेतु आशान्वित हैं । बूथ अध्यक्ष विधिवत अपनी कमेटी का गठन करें ,बूथ महिला प्रमुख, युवा प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख, मन की बात के प्रमुख, नवमतदाता प्रमुख, सामाजिक श्रेणी के प्रमुख और पन्ना प्रमुख इस प्रकार लगभग 31 कार्यकर्ताओं की एक समिति प्रत्येक बूथ पर गठित की जानी चाहिए। बूथ अध्यक्ष और बूथ समिति के समस्त पदाधिकारीगण सक्रिय रहे, इसके लिए सेक्टर संयोजक के माध्यम से मंडल अध्यक्ष मॉनिटरिंग करते रहे और समय-समय पर इन समितियों के साथ संपर्क और संवाद में सहजता, निरंतरता बनाए रहे। 6 अप्रैल को स्थापना दिवस, 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती, 23 जून को डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती, 25 दिसंबर को श्रद्धेय भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में तथा 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के परिनिर्वाण दिवस के दिन समर्पण दिवस के रूप में भारतीय जनता पार्टी मनाती है। भारतीय जनता पार्टी के मुख्य छह कार्यक्रम विधिवत तरीके से प्रत्येक बूथ पर मनाएं जाए,इसकी चिंता प्रत्येक बूथ की कमेटी, मंडल अध्यक्ष,सेक्टर संयोजकों समन्वय के साथ समय-समय पर होनी चाहिए। मन की बात का एपिसोड बहुत ही प्रभावशाली तरीके से सुना जाए।पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व जिला महामंत्री सतीश अग्रवाल ने फीता काटकर किया। प्रथम सत्र की अध्यक्षता जयवीर सिंह ने की तथा कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री सुधीर चौहान ने किया,कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुरमित कुमार गुप्ता एडवोकेट, मंडल अध्यक्ष आलोक चौहान,जिला संयोजक आई टी मनीष दक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष करतार सिंह चौहान, अमरपाल चौहान, मिंटू चौहान एडवोकेट, गौरव गुर्जर,महेश सैनी उमेश कुमार शैलेश कुमार, प्रेम सैनी, प्रेम चौहान, मनोज सिंह चौधरी, आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### इजराइल ने सीएनएन पत्रकारों से बदसलूकी पर बटालियन सस्पेंड की, सैनिकों ने हिरासत में लिया था

**तेल अवीव।** वेस्ट बैंक में CNN पत्रकारों से बदसलूकी और हिरासत मामले में इजराइली सेना ने पूरी बटालियन को सस्पेंड किया और रिजर्व बटालियन की ऑपरेशनल गतिविधियां भी रोक दीं। यह बटालियन नेत्जाह यूनिट का हिस्सा है। सेना के मुताबिक बटालियन को तुरंत वेस्ट बैंक से हटाकर ट्रेनिंग पर भेजा गया है और जांच पूरी होने तक यह किसी ऑपरेशन में शामिल नहीं होगी। यह घटना पिछले हफ्ते फिलिस्तीनी गांव तायासिर में हुई, जहां CNN टीम रिपोर्टिंग कर रही थी। आरोप है कि सैनिकों ने टीम को हिरासत में लिया और एक फोटो जर्नलिस्ट से मारपीट की, जिससे उसका कैमरा टूट गया। इजराइली सेना ने कहा कि बटालियन को प्रोफेशनल और एथिकल ट्रेनिंग दी जाएगी और मामले में शामिल सैनिकों पर अलग से कार्रवाई होगी। 26 मार्च को वेस्ट बैंक के फिलिस्तीनी गांव तयासिर में CNN की टीम रिपोर्टिंग कर रही थी। कुछ समय पहले ही वहां इजराइली सेटलर्स ने हमला किया था। उसी के बाद की स्थिति दिखाने के लिए CNN के पत्रकार जेरेमी डायमंड अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे थे। CNN की टीम तयासिर के हालात कैमरे पर रिकॉर्ड कर रही थी और चश्मदीदों से बात कर रही थी। तभी अचानक वहां इजरायली सैनिकों की टीम पहुंची। शुरुआत में सैनिकों ने टीम से सवाल-जवाब किए, लेकिन माहौल जल्दी ही तनावपूर्ण हो गया। कुछ ही देर में सैनिकों ने टीम को आगे बढ़ने से रोक दिया और उन्हें वहीं रोककर हिरासत में ले लिया। इसी दौरान हालात और बिगड़ गए। आरोप है कि एक सैनिक ने फोटो जर्नलिस्ट सिरिल थियोफिलॉस को पकड़कर उनका गला जकड़ लिया। अचानक हुए इस हमले से वह संतुलन खो बैठे और जमीन पर गिर गए। इस धक्का-मुक्की में उनका कैमरा भी टूट गया।

### आंध्र प्रदेश- नेवी कर्मचारी ने प्रेमिका के तीन टुकड़े किए, सिर जलाया, दूसरा हिस्सा बेड के नीचे, तीसरा फ्रिज में छिपाया

**विशाखापट्टनम।** आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में एक शादीशुदा नेवी कर्मचारी ने रविवार 29 मार्च को अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी। फिर उसके शव के कई टुकड़े कर दिए। इसके बाद खुद पुलिस स्टेशन गया और अपना अपराध को कबूल कर लिया। मृतक की पहचान 31 साल की मोनिका के रूप में हुई है। वहीं आरोपी 35 साल का चिंतादा रविंद्र है। शुरुआती जांच के अनुसार, आरोपी ने प्रेमिका का सिर, हाथ और पैर को धड़ से अलग किया। पैरों और कूल्हे के हिस्से को ट्रॉली बैग में छिपा दिया। धड़ को फ्रिज में रखा। सिर और हाथों को सुनसान इलाके में ले जाकर जलाने की कोशिश की। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो घर और फ्रिज में शव के टुकड़े मिले। मोनिका का सिर गायब था। पुलिस को शक है कि रविंद्र ने उसे किसी दूसरी जगह पर ठिकाने लगाया।



पुलिस के मुताबिक, आरोपी इंडियन नेवल शिप (INS) डेगा में तैनात एक टेक्निशियन है। रविंद्र और मोनिका 2021 में 'मिंगल' नामक डेटिंग ऐप पर मिले थे। इसके बाद दोनों अक्सर विशाखापट्टनम के अलग-अलग स्थानों जैसे पार्क और थिएटर में मिलते थे। धीरे-धीरे उनके बीच प्रेम संबंध बन गया। 2024 में रविंद्र ने दूसरी लड़की से शादी कर ली। आरोपी के अनुसार, शादी के बाद से मोनिका अक्सर उसकी पत्नी को सब कुछ बताने की धमकी देती थी। आरोपी ने दावा किया कि मोनिका ने उससे 3.5 लाख रुपये लिए थे। इसी वजह से दोनों के बीच लगातार झगड़े भी होते थे। कुछ हफ्ते पहले आरोपी की पत्नी अपने मायके विजयनगरम चली गई थी। इसका फायदा उठाकर आरोपी ने प्रेमिका को अपने घर पर समय बिताने के लिए बुलाया था।

### केरल, असम और पुडुचेरी के 2.37 लाख दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाता करेंगे घर से ही मतदान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग 85 वर्ष से अधिक आयु और द्विव्यांग मतदाताओं को घर से मतपत्रों के जरिए मतदान की सुविधा प्रदान करता है। केरल, असम और पुडुचेरी में अबतक 2.37 लाख पात्र मतदाताओं ने इस सुविधा के लिए आवेदन दिया है। इन राज्यों में 9 अप्रैल को मतदान है। चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि केरल में 1.45 लाख, असम में 19 हजार और पुडुचेरी में दो हजार से अधिक वरिष्ठ एवं द्विव्यांग मतदाओं ने इस सुविधा के लिए आवेदन किया है। आवेदन करने वालों में




1.67 लाख वरिष्ठ नागरिक (53.5 प्रतिशत) एवं 70 हजार से अधिक द्विव्यांग मतदाता (15.22 प्रतिशत) हैं। इन सभी को आयोग की ओर से जानकारी दी जाएगी की कब मतदान कर्मी राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ उनके घर मतदान के लिए आएंगे। यह प्रक्रिया 5 अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी। आयोग की ओर से पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होती है। सुविधा के लिए ऐसे मतदाताओं को अधिसूचना जारी होने की तारीख से 5 दिनों के भीतर अपने संबंधित 'रिटर्निंग अधिकारी' के पास आवेदन करना होता है।

### एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन में शामिल होंगे मोहन यादव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल यानी मंगलवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित "एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026" में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस सम्मेलन में मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, पारंपरिक शिल्प, ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) और जीआई टैग उत्पादों, कृषि एवं खाद्य उत्पादों, निवेश अवसरों और पर्यटन संभावनाओं को एक साझा मंच पर प्रस्तुत करेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी बबीता मिश्रा ने सोमवार को बताया कि सम्मेलन में दोनों राज्यों की प्रमुख ताकतें एक साथ सामने आएंगी और उत्पादन, बाजार तथा पहचान से जुड़े विभिन्न आयामों पर केंद्रित संवाद स्थापित होगा। सम्मेलन में उद्योग, शिल्प, निवेश और पर्यटन से जुड़े हितधारक एकत्रित होंगे, जहां व्यावहारिक सहयोग, बाजार विस्तार और साझा पहल पर चर्चा का स्पष्ट स्वरूप दिखाई देगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की वाराणसी यात्रा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के अध्ययन भ्रमण से होगी, जहां तीर्थ क्षेत्र में विकसित क्राउड फ्लो मैनेजमेंट, अधोसंरचना लेआउट और तीर्थयात्री प्रबंधन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया जाएगा। यह



अनुभव धार्मिक पर्यटन स्थलों के सुव्यवस्थित विकास और आधुनिक प्रबंधन प्रणाली को समझने का आधार बनेगा। इसके बाद एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन स्थल पर प्रदर्शनी का अवलोकन किया जाएगा, जिसमें मध्य प्रदेश के ओडीओपी उत्पाद, जीआई टैग हस्तशिल्प, पारंपरिक वस्त्र, औद्योगिक क्षमताएं और पर्यटन संभावनाएं प्रदर्शित होंगी। यह प्रदर्शनी राज्य की आर्थिक और सांस्कृतिक विविधता को एक ही मंच पर प्रस्तुत करते हुए निवेशकों और प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने का कार्य करेगी। जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार, सम्मेलन के मुख्य सत्र में निवेश, औद्योगिक सहयोग और ओडीओपी आधारित अर्थव्यवस्था पर केंद्रित चर्चा होगी, जहां मध्य प्रदेश की निवेश-अनुकूल नीतियों, अधोसंरचना और प्रोत्साहन तंत्र को प्रस्तुत किया जाएगा। इसी सत्र में मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच एमओयू हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिससे औद्योगिक निवेश, कौशल विकास, हस्तशिल्प संवर्धन और पर्यटन क्षेत्रों में सहयोग को औपचारिक रूप दिया जाएगा। ओडीओपी उत्पादों का आदान-प्रदान स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आएगा। दोपहर पश्चात नेटवर्किंग सत्र में उद्योग जगत, निवेशकों और नीति-निर्माताओं के बीच संवाद स्थापित होगा, जिससे संभावित निवेश और साझेदारियों को गति मिलेगी और यह सम्मेलन वास्तविक व्यावसायिक अवसरों से जुड़ता हुआ दिखाई देगा।

# अमेरिका कर सकता है ईरान के खर्ग द्वीप पर नियंत्रण

एजेंसी, नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि अमेरिका ईरान के तेल संसाधनों पर नियंत्रण कर सकता है। इसमें खर्ग द्वीप पर स्थित ईरान का मुख्य निर्यात केंद्र भी शामिल है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब अमेरिका मध्य पूर्व में हजारों अतिरिक्त सैनिक तैनात कर रहा है। खर्ग द्वीप को ईरान की जीवन रेखा कहा जाता है। अमेरिका के फाइनेंशियल टाइम्स ने सोमवार को रिपोर्ट दी कि ट्रंप ने इंटरव्यू में कहा कि ईरान के साथ युद्ध में उनका पसंदीदा विकल्प "तेल पर कब्जा करना" होगा। उन्होंने इसकी तुलना वेनेजुएला में अमेरिका की योजनाओं से की। उनका दावा है कि निकोलस मादुरो को हटाने के बाद वाशिंगटन का लक्ष्य लंबे समय तक तेल क्षेत्र को नियंत्रित करना है।




राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि खर्ग द्वीप से ईरान का अधिकांश तेल निर्यात होता है। वहां ईरान की सुरक्षा व्यवस्था कमजोर है। इसलिए सैन्य अभियान आसानी से शुरू हो सकता है। उन्होंने माना कि इसके लिए संभवतः लंबे समय तक सैन्य मौजूदगी की आवश्यकता होगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने इस क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति पहले ही बढ़ा दी है, और लगभग 10,000 सैनिक तैनात किए हैं। इनमें मरीन और 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के सैनिक शामिल हैं।

**खर्ग द्वीप पर टिकी है ईरान की अर्थव्यवस्था:** खर्ग द्वीप फारस की खाड़ी में स्थित ईरान का रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण द्वीप है।

इसे ईरान की अर्थव्यवस्था की "जीवन रेखा" माना जाता है। ईरान के कुल कच्चे तेल निर्यात का लगभग 90 प्रतिशथ से 94 प्रतिशत हिस्सा इसी द्वीप से गुजरता है। यह बुशहर प्रांत से लगभग 25-28 किलोमीटर दूर फारस की खाड़ी के उत्तर-पूर्वी हिस्से में स्थित है। इसकी लंबाई लगभग आठ किलोमीटर और चौड़ाई 4-5 किलोमीटर है। फारस की खाड़ी के अधिकांश द्वीपों के विपरीत

#### ट्रंप ने दिया संकेत

खर्ग द्वीप पर मीठे पानी का अपना प्राकृतिक स्रोत है। इस द्वीप पर लगभग 3 करोड़ (30 मिलियन) बैरल तेल स्टोर करने की क्षमता है। द्वीप के चारों ओर पानी काफी गहरा है। इससे दुनिया के सबसे बड़े तेल टैंकर यहां आसानी से लंगर डाल सकते हैं।

ईरान के लिए यह द्वीप केवल एक तेल टर्मिनल नहीं, बल्कि एक सैन्य किला भी है। यहां बड़े पैमाने पर तेल लोडिंग सुविधाएं और सैन्य बुनियादी ढांचा मौजूद है। हाल के वर्षों में विशेषकर मार्च 2026 में,अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण यह द्वीप वैश्विक चर्चा के केंद्र में है। अमेरिकी हमलों के डर से ईरान ने यहां अपनी सुरक्षा बढ़ा दी है और द्वीप के चारों ओर पानी में बारूदी सुरंगें बिछाई हैं।

## जनगणना 2026- पहले चरण के लिए 33 सवाल तय

एजेंसी, नई दिल्ली



♦ ऑनलाइन पोर्टल पर भी जानकारी दे सकेंगे, लिव-इन कपल को शादीशुदा का दर्जा मिलेगा

जनगणना-2026 का पहला चरण 1 अप्रैल से शुरू हो रहा है। इसमें 33 सवाल पूछे जाएंगे। इसके मुताबिक, स्थिर रिश्ते में रहने वाले लिव-इन कपल्स को भी शादीशुदा माना जाएगा। ऐसा तब ही होगा जब कपल मानेगा कि उनका रिश्ता लंबा चलने वाला है। पहले फेज के लिए ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया गया है, जहां लोग खुद अपनी जानकारी भर सकेंगे। उनकी मदद के लिए इस पोर्टल पर FAQ (अक्सर पूछे जाने वाले सवाल) भी दिए गए हैं।

यह चरण 'हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना' कहलाता है। इसका मकसद देश में घरों और बुनियादी सुविधाओं की जानकारी जुटाना है, ताकि सरकार बेहतर योजनाएं बना सके। दूसरे चरण में आबादी से जुड़ी डिटेल जानकारी ली जाएगी।

**जनगणना आयुक्त बोले- रेफरेंस डेट बहुत महत्वपूर्ण:** भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण कहते हैं, 'जनगणना की संदर्भ तिथि (रेफरेंस डेट) बहुत महत्वपूर्ण है। संदर्भ समय 1 मार्च की आधी रात है, जो 28 फरवरी 2027 और 1 मार्च 2027 के बीच पड़ती है। इस संदर्भ तिथि का उल्लेख 16 जून 2025 को जारी पहली अधिसूचना में किया गया था, जिसमें जनगणना कराने के इरादे की घोषणा की गई थी। इसी संदर्भ तिथि के कारण इसे जनगणना 2027 कहा जाता है। 16 जून, 2025 को अधिसूचना प्रकाशित होने के बाद प्रक्रिया शुरू हो गई थी, लेकिन संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 ही बनी हुई है।

जनगणना के परिणामों से प्रत्येक प्रशासनिक इकाई, राज्य, जिले, गांव और वार्ड की जनसंख्या और विभिन्न आंकड़ों की एक झलक मिलेगी, जैसा कि वे 1 मार्च, 2027 को 00:00 बजे की स्थिति में होंगे। इसलिए यह संदर्भ तिथि बहुत महत्वपूर्ण है। भारत में जनगणना दो चरणों में की जाती है।

## गुरुग्रामः कंपनी के कर्मचारी ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

एजेंसी, गुरुग्राम

मानेसर थाना क्षेत्र स्थित कासन की ढाणी में कंपनी कर्मी ने अपने कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के कासगंज निवासी शिवम (27) गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। वह कासन की ढाणी में कमरा किराये पर लेकर रहता था।

रविवार को कंपनी में छुट्टी होने के चलते शिवम कमरे पर ही था। दोपहर बाद करीब तीन बजे पड़ोस में रहने वाला एक बच्चा शिवम के कमरे की तरफ गया। बच्चे ने कमरे का दरवाजा खोला तो शिवम को




फंदे पर लटका देखा। बच्चे ने जाकर अपने माता-पिता को बताया। शिवम द्वारा आत्महत्या करने के बारे में पुलिस को सूचना दी।

जांच अधिकारी एएसआई प्रदीप ने बताया कि कमरे में लोहे के एंगल पर चुन्नी से फंदा लगाकर शिवम ने आत्महत्या की है। परिवार वालों के बयान दर्ज किए गए हैं, कोई संदिग्ध बात सामने नहीं आई है। शिवम के मानसिक रूप से परेशान रहने की बात सामने आई है। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

## कृषि अवशेष से बनेंगी सड़कें, सीएसआईआर ने बायो-बिटुमेन तकनीक का किया हस्तांतरण

एजेंसी, नई दिल्ली

बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) ने सोमवार को अपनी अभिनव तकनीक "लिग्नोसेलुलोसिक बायोमास से बायो-बिटुमेन– खेतों के अवशेष से सड़कों तक" के बड़े पैमाने पर औद्योगिक उपयोग के लिए तकनीक का हस्तांतरण किया। सीएसआईआर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह, सीएसआईआर की महानिदेशक एन. कलाईसेल्वी तथा विभिन्न मंत्रालयों, सीएसआईआर संस्थानों, उद्योग और



नीति-निर्माताओं के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

शिवराज सिंह चौहान ने बायो-बिटुमेन तकनीक को ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम बताते हुए कहा कि ग़्रह तकनीक कृषि को बुनियादी ढांचे और नवाचार को जोड़ता है। यह तकनीक भारत के जलवायु लक्ष्यों, नेट ज़ीरो प्रतिबद्धताओं, आत्मनिर्भर भारत, राष्ट्रीय बायो-ऊर्जा मिशन और सर्कुलर इकोनॉमी जैसी पहलों के अनुरूप है। इसके उपयोग से किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर मिलेंगे और पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण में कमी आएगी।

डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यह पहल भारत की आत्मनिर्भरता, स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण और "वेस्ट टू वेल्थ" की सोच को दर्शाती है। यह तकनीक कृषि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों के बीच प्रभावी समन्वय का उदाहरण है, जिसमें सार्वजनिक-निजी भागीदारी का महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर सीएसआईआर की महानिदेशक एन कलाईसेल्वी ने कहा कि यह विकास पेट्रोलियम-आधारित सामग्री से जैव-आधारित सामग्री की ओर एक बड़ा बदलाव है और यह संस्थान देश के विकास के लिए नई तकनीकों को आगे बढ़ाता रहेगा।

यह तकनीक सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान और सीएसआईआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान द्वारा विकसित की गई है। इसमें कृषि अवशेषों और बायोमास को थर्मो-केमिकल प्रक्रिया से परिवर्तित कर पर्यावरण-अनुकूल बायो-बिटुमेन बनाया जाता है। यह नवाचार पारंपरिक पेट्रोलियम-आधारित बिटुमेन का एक नवीकरणीय और कम-कार्बन विकल्प प्रदान करता है।

## लोकतंत्र हमें किसी पाश्चात्य देश ने नहीं दिया, यह हमारे भारत के डीएनए में हैः वासुदेव देवनानी

एजेंसी, भोपाल

राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि लोकतंत्र हमें किसी पाश्चात्य देश ने नहीं दिया। लोकतंत्र हमारे भारत के डीएनए में है। मजबूत लोकतंत्र के लिए युवा विधायकों का सम्मेलन होना बहुत समसामयिक है। देवनानी ने यह विचार सोमवार को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में विधानसभा में आयोजित तीन राज्यों के युवा विधायक के दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी मौजूद रहे। सम्मेलन में तीन राज्यों के 45 युवा शामिल हुए हैं।

राजस्थान विस अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि हम जब छात्र राजनीति में थे, तब कुलपति के सामने खड़े जाते थे। अब जनता से चुनकर आते हैं तो पद के अनुसार व्यवहार भी बदलना चाहिए। यह कोई औपचारिक सम्मेलन नहीं है। लोकतंत्र की व्याख्या करने के लिए संवाद का मंच है।




उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में जो कठिनाई आती हैं, उनसे नई परिस्थितियों का निर्माण होता है। विरोध तार्किक प्रक्रिया होनी चाहिए। हमारा प्रतिनिधित्व सार्थक सेवा की ओर बढ़े। हम सब मिलकर नागरिकों और विधायिका के बीच संवाद करें। हमें अपने-अपने क्षेत्र में नागरिक निगरानी समितियां बनानी चाहिए।

हमें मिलकर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना चाहिए। विधानसभा सार्थक चर्चा का केंद्र है। आपकी पहचान तर्क के आधार पर बनती है। अध्ययन के आधार पर बनती है। उसके लिए आवश्यक है कि हम पूरा समय सदन में बैठने का स्वभाव बनाएं। अनुभवी लोगों के भाषण सुनें। राजस्थान के शिव से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा कि उन्होंने छात्र राजनीति से शुरुआत कर बिना किसी राजनीतिक विरासत के अपनी पहचान बनाई। उन्होंने युवाओं से राजनीति में आगे आने की अपील करते हुए कहा कि मेहनत से ही जगह बनती है और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नई पीढ़ी की भागीदारी जरूरी है। भाटी ने कहा कि आज कई जनप्रतिनिधि "रबर स्टैंप" बनकर रह गए हैं, इसलिए पढ़े-लिखे और जागरूक नेताओं की जरूरत है ताकि 2047 के विकसित भारत का लक्ष्य पूरा हो सके।

राजस्थान के सादुलशहर से विधायक गुरवीर सिंह ने कहा कि हम आधारभूत संरचना की बात कर रहे हैं, लेकिन बेहतरीन निर्माण की बात नहीं करते। ओडिशा ने हॉकी को अडॉप्ट किया। इसी तरह हर राज्य को कम से कम एक खेल को अडॉप्ट करना चाहिए। मैंने अपनी विधानसभा में एक नवाचार किया। 60 पंचायतों में 35 लाइब्रेरी बनवा चुका हूं। आने वाले समय में विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में लाइब्रेरी बन जाएंगी।

नेपानगर विधायक मंजू दादू ने कहा कि भारत को सोने की चिड़िया इसलिए नहीं कहा जाता था कि हमारे पास बहुत धन था। इसलिए कहा जाता था क्योंकि हम हर फील्ड में परफेक्ट थे।

## हजरत शेख सलीम चिश्ती के उर्स में उमड़ी हर धर्म और समुदाय के अकीदतमंदों की भीड़

एजेंसी, फतेहपुर सीकरी

हजरत शेख सलीम चिश्ती के 456वें सालाना उर्स में सूफी संगीत की धूम रही। हजरत शेख सलीम चिश्ती फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित 'रंग-ए-सूफियाना' कार्यक्रम तथा 15 दिवसीय उर्स मुबारक का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, आध्यात्मिकता और भव्य व्यवस्थाओं के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर देश-विदेश से आए अकीदतमंदों ने मन्नत के धागे बांधे और सूफी परंपरा को आत्मसात किया। दरगाह का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा, प्रेम और भाईचारे से सराबोर रहा।

यह 15 दिवसीय उर्स विभिन्न धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से भरपूर रहा, जिसमें उद्घाटन सत्र, सूफी विचार गोष्ठी, फातिहा, कव्वाली, चादरपोशी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भव्य ऑल इंडिया मुशायरा शामिल



था। इसके अलावा मशहूर सूफी गायिका डॉ. नीता पांडे और सैयद साहिल आगा ने अमीर ख़ुसरो, कबीर और बाबा फरीदुदीन गंज शकर के कलाम पर आधारित सूफियाना दास्तानगोई प्रस्तुत कर दर्शकों से खूब सराहना प्राप्त की। इस अवसर पर इंग्लैंड के सूफी लेखक शाज़ ख़ान की पुस्तक डिवाइन लव का विमोचन भी किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में सांसद राजकुमार चाहर उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता दरगाह के सज्जादानशीन पीरज़ादा अरशद फरीदी चिश्ती ने की।

## दक्षिण भारत दौरे पर जाएंगे बीएचयू वैज्ञानिक, अजनाला सैनिकों के परिवार का लेंगे सैंपल



एजेंसी, वाराणसी

उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के वैज्ञानिकों की टीम जल्द ही दक्षिण भारत के दौरे पर जाएगी। वहां टीम अजनाला (पंजाब) के सैनिकों के परिवारों का डीएनए सैंपल लेंगे। यह जानकारी बीएचयू के जीन विज्ञानी प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे ने दी। उन्होंने बताया कि जॉर्जिया की क्वीन केटेवन की 400 वर्ष पहले हत्या को सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अजनाला के सैनिकों के परिवार से सैंपल लेने के बाद उसका विस्तृत विश्लेषण किया जाएगा।

बीएचयू के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर में चल रहे इंडक्शन प्रोग्राम में प्रतिभागी शिक्षकों ने सोमवार को विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभाग में चल रहे विभिन्न शोध कार्यों तथा प्रयोगशालाओं को देखा। कार्यक्रम की शुरूआत में जीन विज्ञानी प्रोफेसर चौबे ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए सुरिंदर कोच्चर द्वारा किए गए अजनाला मामले पर असाधारण कार्य की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2014 में हुई खोदाई में कई अवशेष सामने आए। इन अवशेष की जांच के लिए एक टीम बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी मन की बात कार्यक्रम में देश के पुरातत्वविदों और जेनेटिक एक्सपर्ट्स की प्रशंसा की थी।

कार्यक्रम में डॉ. प्रज्ञा वर्मा ने प्रतिभागियों को व्यक्ति की जीवनशैली को उसके आंतरिक घड़ी के साथ व्यवस्थित करने की उपयोगी विधि समझाई।

## धर्म के आधार पर ओबीसी आरक्षण के कथित दुरुपयोग पर राज्यसभा से विपक्ष का बहिर्गमन

एजेंसी, नई दिल्ली

विपक्षी दलों ने धर्म के आधार पर पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के दुरुपयोग को लेकर सोमवार को राज्यसभा में उठे सवाल पर हंगामा कर सदन से बहिर्गमन किया। सदन में शून्यकाल के दौरान भाजपा सदस्य के. लक्ष्मण ने धर्म के आधार पर ओबीसी आरक्षण के कथित दुरुपयोग पर मुद्दा उठाया। उन्होंने कुछ राज्यों में मुस्लिम समुदाय को मिल रहे आरक्षण की समीक्षा की मांग की । उन्होंने कहा कि ओबीसी आरक्षण धर्म के बजाय सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन के आधार पर होना चाहिए, न कि धर्म के आधार पर।


के. लक्ष्मण ने आरोप लगाया कि तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों




में धर्म के आधार पर आरक्षण का गलत तरीके से लाभ दिया जा रहा है, जो असंवैधानिक है। इस पर सदन में जमकर हंगामा होने लगा। उप नेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी ने कहा कि सदन में उठाया गया मुद्दा विभाजनकारी और पिछड़ों के आरक्षण को कमजोर करने का प्रयास है। विपक्षी दलों ने कड़ी आपत्ति जताते हुए बहिर्गमन किया, जिसके बाद कार्यवाही बाधित हुई।

सदन के नेता जेपी नड्डा ने विपक्षी दलों के बहिर्गमन की आलोचना करते हुए कहा कि विपक्ष चर्चा से भाग रहा है और कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि बहुत दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन की रुचि न तो लोकतंत्र में हैं, न संसदीय मर्यादाओं के पालन में है, न किसी विषय पर बोलने और वाद-विवाद में है और न ही संविधान के पालन में है। इनको संविधान के प्रति कोई आस्था नहीं है।उन्होंने कहा कि विपक्षी दल मुस्लिम समाज को वोटबैंक की तरह देखते हैं। इन्होंने मुस्लिम वोटबैंक को साधने के लिए केवल तुष्टीकरण की राजनीति ही की है। के लक्ष्मण द्वारा उठाया गया मुद्दा ओबीसी आरक्षण संविधान से जुड़ा हुआ विषय है लेकिन कांग्रेस के लोग राजनीति कर समाज को खंडित करने की कोशिश करते है। सरकार किसी भी विषय पर चर्चा कराने के लिए तैयार है। पूरा विपक्ष अपनी राजनीति के लिए समाज को बांटने और वातावरण को ख़राब करने की कोशिश में लगा हुआ। उन्होंने विपक्ष की इस तुष्टीकरण की राजनीति की निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस को अबोध बालक के कारनामों से बंधक नही बनने देना चाहिए।

# टैलेंट की ताकत बनाम ताकत का टैलेंट-नोबेल शांति पुरस्कार: प्रतिष्ठा या राजनीति?-वैश्विक राजनीति,शक्ति- संतुलन और बदलती विश्व व्यवस्था और नेतृत्व की नई भाषा -समग्र विश्लेषण



लोकतंत्र की शान

» वैश्विक नेतृत्व या प्रभुत्व की राजनीति?ऊर्जा, युद्ध, नोबेल शांति पुरस्कार की चाहत और वैश्विक अस्थिरता का त्रिकोण

» जब ताकत टैलेंट पर हावी हो जाती है,तो वह दादागिरी बन जाती है, ट्रंप दौर इसी द्वंद्व का प्रतीक है,जो दुनियाँ को यह सोचने पर मजबूर करता है कि भविष्य किस दिशा में जाएगा -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनाना गोंदिया महाराष्ट्र







गोंदिया - वैश्विक स्तरपर 21वीं सदी की वैश्विक राजनीति एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है,जहां पारंपरिक कूटनीति,सैन्य शक्ति,आर्थिक प्रभुत्व और व्यक्तिगत नेतृत्व शैली एक- दूसरे से टकरा रहे हैं। विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रम्प जैसे नेताओं के दौर में यह प्रश्न और अधिक प्रासंगिक हो गया है कि क्या आज की दुनिया टैलेंट की ताकत से चल रही है या ताकत का टैलेंट हावी हो चुका है। यह बहस केवल वैचारिक नहीं, बल्कि व्यवहारिक और वैश्विक प्रभावों से जुड़ी हुई है,जिसमें युद्ध,शांति,कूटनीति और प्रतिष्ठित पुरस्कार जैसे नोबेल पीस प्राइज भी शामिल हैं।ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका फर्स्ट नीति ने वैश्विक राजनीति में एक नई आक्रामकता और अनिश्चितता को जन्म दिया। टैरिफ युद्ध, आर्थिक प्रतिबंध, और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं पर दबाव ये सभी संकेत देते हैं कि अमेरिका अब केवल नेतृत्व नहीं, बल्कि नियंत्रण कीभूमिका में आना चाहता है। यूनाइटेड स्टेट्स द्वारा युक्रेन को समर्थन देना, फिर रूस के साथ रणनीतिक संतुलन बनाना, यह दर्शाता है कि नीतियां अब स्थायी नहीं बल्कि परिस्थितिजन्य हो चुकी हैं।यह टैलेंट नहीं बल्कि ताकत का उपयोग अधिक प्रतीत होता है।मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव विशेषकर ईरान , इजराइल और खाड़ी क्षेत्र में दुनियाँ को एक नए ऊर्जा संकट की ओर धकेल रहे हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्रि स्ट्रैट ऑफ़ होर्मूज़ जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गो परनियंत्रण की राजनीति यह दर्शाती है कि ऊर्जा केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि सामरिक हथियार बन चुकी है। ट्रंप द्वारा स्ट्रेट ऑफ ट्रंप कह देना भले ही एक मजाकिया भूल हो,लेकिन यह उनके आत्मविश्वास और शक्ति-केंद्रित मानसिकता को उजागर करता है।नोबेल कमिटी द्वारा दिया जाने वाला नोबेल शांति पुरस्कार हमेशा से वैश्विक शांति और मानवता के लिए योगदान का प्रतीक रहा है। लेकिन जब कोई शक्तिशाली नेता यह कहता है कि अगर मुझे यह पुरस्कार नहीं मिला तो किसी को नहीं मिलना चाहिए,तो यह पुरस्कार की गरिमा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति नें फ्लोरिडा के मियामी शहर में आयोजित एक सम्मेलन के दौरान दिए गए भाषण में ट्रंप ने ईरान को लेकर तीखी टिप्पणी की और साथ ही नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने पर भी नाराजगी जाहिर की।अपने संबोधन में ट्रंप ने दावा किया कि ईरान अमेरिका के साथ समझौता करने के लिए गिड़गिड़ा रहा है और उसे जल्द ही एक डील करनी चाहिए। इसी दौरान उन्होंने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को गलती से स्ट्रेट ऑफ ट्रंप कह दिया। हालांकि तुरंत ही बात सुधारते हुए इसे होर्मुज बताया और मजाकिया अंदाज में कहा कि यह एक भयानक गलती थी,ट्रंप का यह बयान ताकत का टैलेंट का स्पष्ट उदाहरण है, जहां शक्ति के आधार पर सम्मान प्राप्त करने की इच्छा दिखाई देती है। 2025 में मारिया कोरिना मचाड़ो को नोबेल शांति पुरस्कार दिया जाना यह दर्शाता है कि टैलेंट का अर्थ केवल शक्ति या प्रभाव नहीं, बल्कि संघर्ष, साहस और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खड़ा होना है। वेनेजुएला जैसे देश में विपक्ष की आवाज बनना और शांति के लिए संघर्ष करना एक सच्चे टैलेंट का उदाहरण है, जो बिना किसी सैन्य या आर्थिक शक्ति के भी वैश्विक पहचान प्राप्त कर सकता है।

साथियों बात अगर हम टैलेंट बनाम ताकत मूलभूत अंतर को समझने की करें तो टैलेंट एक व्यक्तिगत गुण है यह ज्ञान, अनुभव,संवेदनशीलता और नैतिकता का मिश्रण है। इसके विपरीत ताकत बाहरी होती है, सैन्य, आर्थिक या राजनीतिक। जब टैलेंट के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं, तो वे दीर्घकालिक और संतुलित होते हैं। लेकिन जब ताकत के आधार पर निर्णय होते हैं, तो वे तात्कालिक और अस्थिर होते हैं। आज की वैश्विक राजनीति में यही संघर्ष स्पष्ट तथा सटीक रूप से दिखाई देता है। साथियों बात अगर हम शांति का दावा बनाम युद्ध की वास्तविकता को समझने की करें तो,ट्रंप द्वारा खुद को पीसमेकर बताना और आठ युद्धों को रोकने का दावा करना,जबकि मध्य पूर्व में लगातार हिंसा बढ़ रही है, यह एक गंभीर विरोधाभास है। हजारों लोगों की मौत,सैनिकों की हानि और क्षेत्रीय अस्थिरता यह संकेत देती है कि शांति केवल भाषणों में है,जमीन पर नहीं। यह ताकत का टैलेंट है,जहां शब्दों से छवि बनाई जाती है, लेकिन वास्तविकता अलग होती है।क्यूबा, ईरान और वैश्विक नियंत्रण की रणनीति को पूरी दुनियाँ देख रही है,ट्रंप द्वारा क्यूब को अगला निशाना बताना और ईरान पर दबाव बनाना यह दर्शाता है कि अमेरिका की रणनीति केवल रक्षा नहीं, बल्कि विस्तार और नियंत्रण की है। ऑपरेशन एपिक फ्यूरी जैसे दावे और सैन्य कार्रवाइयां यह संकेत देती हैं कि वैश्विक राजनीति में अब संवाद की जगह शक्ति ने सटीक रूप से ले ली है। साथियों बात अगर हम दोहरे मानदंड और बदलती कूटनीति को समझने की करें तो,ट्रंप की नीतियों में एक स्पष्ट विरोधा भास दिखाई देता है,कभी रूस के खिलाफ, कभी उसके साथ;कभी यूक्रेन के समर्थन में, तो कभी उस पर दबाव। इसी तरह वेनेजूएला के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी, पाकिस्तान के सेना प्रमुख के साथ कूटनीतिक मेलजोल, और इंडिया पर रूस से तेल न खरीदने का दबाव ये सभी घटनाएं यह दर्शाती हैं कि वैश्विक राजनीति अब सिद्धांतों पर नहीं, बल्कि हितों पर आधारित है।

साथियों बात अगर हम जनता का असंतोष: लोकतंत्र बनाम नेतृत्व का अहंकार को समझने की करें तो अमेरिका में लाखों लोगों का सड़कों पर उतरना यह संकेत देता है कि लोकतंत्र में जनता की भूमिका अब भी महत्वपूर्ण है। लगभग 90 लाख लोगों का विरोध प्रदर्शन केवल नीतियों के खिलाफ नहीं, बल्कि नेतृत्व शैली के खिलाफ भी था। जब जनता अपने ही नेता की विदेश नीति और आक्रामक रवैये से असहमत होती है, तो यह "ताकत" की सीमाओं को उजागर करता है। लोकतंत्र में "टैलेंट" का अर्थ केवल निर्णय लेने की क्षमता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को बनाए रखना भी है। साथियों बात अगर हम वैश्विक संदेश और भविष्य की दिशा को समझने की करें तो,आज की दुनियाँ के लिए सबसे बड़ा सबक यह है कि शक्ति का उपयोग सीमित और जिम्मेदार होना चाहिए। यदि ताकत का टैलेंट हावी हो गया, तो वैश्विक अस्थिरता बढ़ेगी।लेकिन यदि टैलेंट की ताकत को प्राथमिकता दी गई, तो शांति, सहयोग और विकास संभव है। नोबेल शांति पुरस्कार जैसे सम्मान इस दिशा में मार्गदर्शन कर सकते हैं, बशर्ते उन्हें राजनीति से दूर रखा जाए। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क्रि संतुलन ही समाधान है,यह स्पष्ट है कि न तो केवल टैलेंट पर्याप्त है और न ही केवल ताकत। एक सफल और प्रभावी वैश्विक नेतृत्व के लिए दोनों का संतुलन आवश्यक है। लेकिन जब ताकत टैलेंट पर हावी हो जाती है, तो वह दादागिरी बन जाती है। ट्रंप का दौर इसी द्वंद्व का प्रतीक है, जो दुनिया को यह सोचने पर मजबूर करता है कि भविष्य किस दिशा में जाएगा टैलेंट की ताकत या ताकत का टैलेंट। मेरे द्वारा लिखित यह वैचारिक लेख केवल एक विश्लेषण नहीं,बल्कि एक चेतावनी भी है कि यदि वैश्विक राजनीति में संतुलन नहीं बना, तो आने वाले समय में संघर्ष और अस्थिरता और अधिक बढ़ सकती है।

**-संकलनकर्ता लेखक - क्रर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यम सीए (एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र 9226229318**

# वर्धमान से भगवान महावीर : करुणा और आत्म-विजय की एक अंतहीन यात्रा



लेखक -दिलीप कुमार पाठक

आज की यह सुनहरी सुबह अपने साथ एक बहुत ही गहरा और पावन संदेश लेकर आई है, क्योंकि आज 31 मार्च है और पूरा देश भगवान महावीर की जयंती का उत्सव मना रहा है। यह दिन महज एक तारीख नहीं, बल्कि खुद के भीतर झांकने का एक सुनहरा अवसर है जो हमें उस महापुरुष की याद दिलाता है जिसने महलों के सुख को तिनके की तरह त्याग दिया था। बिहार के वैशाली की वह पावन भूमि, जहाँ राजकुमार वर्धमान का जन्म हुआ था, आज भी उस त्याग की गवाह है जिसने एक राजकुमार को महावीर बना दिया। तीस साल की छोटी सी उम्र में जब उन्होंने राजसी वैभव छोड़ा, तो उन्हें किसी राज्य की नहीं बल्कि उस सत्य की तलाश थी जो इंसान को जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त कर सके। बारह वर्षों की कठिन तपस्या और मौन साधना के बाद उन्हें जो कैवल्य ज्ञान प्राप्त हुआ, वह केवल जैन धर्म के लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए एक संजीवनी बनकर उभरा। महावीर का सबसे क्रांतिकारी संदेश था जीओ और जीने दो, जो सुनने में जितना सरल है, जीवन में उतारना उतना ही चुनौतीपूर्ण। उनके दर्शन की नींव अहिंसा पर टिकी है, जो केवल शारीरिक चोट तक सीमित नहीं है, बल्कि किसी का दिल दुखाना या मन में बुरा सोचना भी एक तरह की हिंसा ही है। आज जब दुनिया युद्धों और नफरत के साये में जी रही है, तब महावीर के विचार किसी मरहम की तरह महसूस होते हैं। उन्होंने अपरिग्रह का मंत्र दिया, जिसका अर्थ है अपनी जरूरतों को सीमित रखना, क्योंकि अनावश्यक संग्रह ही दुखों की असली जड़ है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम जितना कम सामान और इच्छाएं बटोरेंगे, हमारा मन उतना ही शांत और हल्का रहेगा। उनका अनेकांतवाद का सिद्धांत तो आज के समाज के लिए सबसे जरूरी है, जो हमें सिखाता है कि एक ही सत्य को देखने के कई नजरिए हो सकते हैं। अगर हम दूसरों के विचारों का सम्मान करना सीख लें, तो समाज के आधे विवाद तो यूँ ही खत्म हो जाएँगे। महावीर ने जात-पात और ऊंच-नीच के भेदभाव को सिरे से नकारते हुए सिखाया कि एक चींटी की जान भी उतनी ही कीमती है जितनी कि किसी सम्राट की। उन्होंने स्त्रियों को भी साधना में बराबर का अधिकार दिया और प्राकृत जैसी जनभाषा में उपदेश दिए ताकि उनकी बात सीधे आम आदमी के दिल तक पहुँच सके। वे कोई चमत्कारी पुरुष नहीं बनना चाहते थे, बल्कि एक ऐसे मार्गदर्शक थे जिन्होंने सिखाया कि हर आत्मा में परमात्मा बनने की शक्ति छिपी है। आज उनकी जयंती मनाते हुए हमें खुद से यह सवाल करना चाहिए कि क्या हम वाकई उनके बताए रास्ते पर चलने की कोशिश कर रहे हैं? मंदिरों में माथा टेकना तो आसान है, लेकिन उनके सिद्धांतों को जीना ही सच्ची श्रद्धा है। अहिंसा का मार्ग वीरों का मार्ग है और क्षमा इसका सबसे सुंदर आभूषण है, क्योंकि किसी को माफ कर देना खुद को एक भारी बोझ से मुक्त कर लेने जैसा है। महावीर ने प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा का संदेश भी सदियों पहले दे दिया था, जब उन्होंने पेड़-पौधों में भी जीवन देखने की बात कही थी। आज जब हम ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रहे हैं, तो उनकी सूक्ष्म दृष्टि किसी आधुनिक विज्ञान जैसी सटीक लगती है। मिट्टी, पानी और हवा को शुद्ध रखना उनके अहिंसा धर्म का ही एक अभिन्न हिस्सा है। वे एक ऐसे शांत योद्धा थे जिन्होंने बिना शस्त्र उठाए संसार को जीत लिया और हमें सिखाया कि असली बहादुरी अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण पाने में है। महावीर जयंती के दिन जैन मंदिरों में गूंजते जयकारे और केसरिया ध्वज हमें एक अलग ही ऊर्जा से भर देते हैं, लेकिन इस महापर्व की असली सार्थकता तभी है जब हमारे भीतर किसी जरूरतमंद के लिए करुणा जगे। धर्म का असली मतलब केवल अनुष्ठान नहीं, बल्कि शुद्ध आचरण और इंसानियत को गले लगाना है। महावीर जयंती हमें याद दिलाती है कि शांति बाहर के शोर में नहीं, बल्कि हमारे अपने भीतर के मौन में छिपी है। आइए, आज के दिन हम अपने भीतर जमी कड़वाहट को साफ करने का संकल्प लें और ज्ञान का वह दीपक जलाएं जो अंधकार को मिटा दे। भगवान महावीर के चरणों में नमन करते हुए हम एक ऐसे समाज की कल्पना करते हैं जहाँ न कोई डरा हुआ हो और न ही कोई किसी को डराने वाला हो।

# देश भर के पत्रकारो ने अमरकंटक से किया पत्रकार एकता का शंखध्वनी के साथ शंखनाद

» 144वीं राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में बैतूल से डॉ रामकिशोर दयाराम पवार ने पत्रकारो को ताप्ती जल एवं कलेंडर किया सप्रेम भेट

लोकतंत्र की शान







**बैतूल** । इंडियन फेडरेशन आफ वर्कींग जर्नलिस्ट (आई एफ डब्लयू जे) के बैनर तले देश के विभिन्न राज्यों से आये लगभग 200 से अधिक डेलीगेट प्रतिनिधि एवं कार्य समिति सदस्यों ने जीवन दायनी मां नर्मदा जी की पावन उद्गम स्थली अमरकंटक में आयोजित सम्मेलन में भाग लिया। मध्यप्रदेश के तीन पर्वत श्रखंला मेकल - विंध्याचल, सतपुड़ा के बीच बसा अनूपपुर जिले का अमरकंटक पहली बार पत्रकारो की राष्ट्रीय स्तरीय ऐतिहासिक गतिविधि का साक्षी बना। इंडियन फेडरेशन आफ वर्कींग जर्नजिस्ट (आई एफ डब्लयू जे) की 144वीं राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक 28 एवं 29 मार्च 2026 को आयोजित की गई थी। दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ मां नर्मदा के उद्गम स्थल पर विधि विधान से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सम्मेलन के पूर्व शंखनाथ भी किया गया उपस्थित अतिथियों का पारंपरिक भारतीय संस्कृति के अनुरूप पटका, शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान पत्रकार एकता जिंदाबाद, भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ जिंदाबाद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जिंदाबाद जैसे जोशीले नारों से पूरा अमरकंटक गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अनूपपुर विधायक फूंदेलाल सिंह मार्को एवं कल्याण सेवा आश्रम के प्रमुख आचार्य हिमाद्री मुनि जी की गरिमामयी उपस्थिति के साथ सम्मेलन शुरू हुआ। अमरकंटक के कल्याण सेवा आश्रम से हिमाद्री मुनि जी आश्रम में आयोजित सम्मेलन के प्रथम दिवस सभी पत्रकारों को मां नर्मदा की भव्य महाआरती में भाग लिया। भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ (आई एफ डब्ल्यू जे ) के दो दिवसीय अधिवेशन का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। हिमाद्री मुनि जी ने कहा कि नर्मदा पुराण में 88 हजार ऋषि मुनियों ने वर्षो तक यज्ञ किया। सत्यनारायण पूजन के प्रारंभ और अन्त में रेवाखण्ड उल्लेखित है। यह कल्याण दास की तपोभूमि और नर्मदा की उद्गम स्थल है।स्थानीय विधायकए फूंदे सिंह मार्को ने सभी राज्यों के पत्रकारों का स्वागत करते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून और पत्रकारों के जीविकोपार्जन, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, मीडिया कौंसिल के गठन की मांग राज्य के मुख्यमंत्री, मोहन यादव को समर्पित करने का आश्वासन दिया। भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अवधेश भार्गव ने सदन में प्रस्ताव रखा, जिसमें मीडिया कौंसिल के गठन, पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकारों को कल्याणकारी योजनाओं स्वास्थ्य सुरक्षा और अधिमान्य पत्रकारों के लिए शैक्षणिक योग्यता बाध्यता समाप्त करने और पत्रकारों के पेंशन योजना को सरल बनाने की बात रखी, जिसे सदन ने करतल ध्वनि पारित किया गया। यह भी निर्णय लिया कि इस प्रस्ताव को सभी राज्यों के सांसदों और विधायकों के माध्यम से इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास भिजवाने का निर्णय लिया गया। साथ ही इस मुद्दे को लोकसभा और विधानसभा में उठवाने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष, अवधेश भार्गव और मध्यप्रदेश के अध्यक्ष, उपेन्द्र गौतम ने किया। सम्मेलन को संबोधित करने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, एस एन श्याम, (बिहार) गुलबहार गौरी (उत्तराखंड) ,रमेश गांधी (राजस्थान), इरशाद खान बिहार (प्रेस मेंस यूनियन) के प्रदेश अध्यक्ष अनमोल कुमार (बिहार), नीतेश भालवंकर (महाराष्ट्र) ,भारत वेद केकर (गोवा), दीपक तलवारेय (महाराष्ट्र) सुश्री सुलोचना (उत्तराखंड) के अलावा राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में भाग लेने गए बैतूल जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं नेशनल कौंसिल के सदस्य डॉ रामकिशोर दयाराम पवार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के अस राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने आए पत्रकार साथी अपने संग देश की पवित्र नदियों का जल लेकर आये है। पत्रकारो ने एक दूसरे को सम्मान स्वरूप उतराखंड गंगोत्री से लाए तीन पुण्य सलीला गंगा( भागीरथी) , केदार गंगा (जो पास में मिलती है) और जाह्नवी नदी का जल , मध्यभारत से पुण्य सलीला मां सूर्यपुत्री ताप्ती जी का जल , सम्मेलन स्थल से पुण्य सलीला मां नर्मदा का जल एवं छायाचित्र भेट कर किया। श्री पवार अपने संग मुलतापी सरोवर से ताप्ती जल एवं ताप्ती कलेंडर लेकर पहुंचे थे। सम्मेलन में देश भर से आए पत्रकारो के साथ डॉ रामकिशोर दयाराम पवार का शाल श्री फल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

सम्मेलन के दुसरे दिन इंडियन फेडरेशन आफ वर्कींग जर्नलिस्ट से मान्यता प्राप्त मध्यप्रदेश की मध्य भारत वर्कींग जर्नलिस्ट यूनिसन प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र गौतम ने अपने संबोधन में संगठन की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने संगठन की मजबूती और पत्रकारों की एकजुटता को समय की आवश्यकता बताया। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश भार्गव ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में देशभर से आए पत्रकारों को देवर्षि नारद और वीर हनुमान की उपमा देते हुए कहा कि पत्रकार समाज का मार्गदर्शक होता है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि देश में पत्रकारों की सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करवाना अत्यंत आवश्यक है। इंडियन फेडरेशन आफ वर्कींग जर्नलिस्ट का अगला सम्मेलन जावरा मध्यप्रदेश एवं राष्ट्रीय सम्मेलन जून माह में माया नगरी मुम्बई में होगा। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष ने सभी पत्रकारो एवं सहयोगियो का हार्दिक आभार माना।

# अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह के मार्गदर्शक भगवान महावीर



लेखक - संजय गोस्वामी

महावीर जयंती 2026 मंगलवार, 31 मार्च, 2026 को मनाई जा रही है। यह त्योहार जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की 2624वीं जयंती का प्रतीक है।भगवान महावीर जैन धर्म के चौबीसवें और आखिरी तीर्थंकर थे। जैन फिलॉसफी के अनुसार, सभी तीर्थंकर इंसान के रूप में पैदा हुए थे, लेकिन उन्होंने मेडिटेशन और सेल्फ-रियलाइज़ेशन के ज़रिए परफेक्शन या ज्ञान की स्थिति हासिल की। वे जैनियों के भगवान हैं। तीर्थंकरों को अरिहंत या जिन भी कहा जाता है। भगवान महावीर इस समय के जैन धर्म के चौबीसवें और आखिरी तीर्थंकर थे। जैन फिलॉसफी के अनुसार, सभी तीर्थंकर इंसान थे, लेकिन उन्होंने मेडिटेशन और सेल्फ-रियलाइज़ेशन के ज़रिए परफेक्शन या ज्ञान की स्थिति हासिल की। वे जैनियों के भगवान हैं। दुनिया को बनाने वाले, बचाने वाले और खत्म करने वाले के तौर पर भगवान का कॉन्सेप्ट जैन धर्म में नहीं है। साथ ही, राक्षसों का नाश करने के लिए भगवान के इंसान के रूप में दोबारा जन्म लेने का आइडिया भी जैन धर्म में नहीं माना जाता है। भगवान महावीर का जन्म चैत्र महीने के उगते चाँद की तेरहवीं तारीख को, 599 B.C. में भारत के बिहार राज्य में हुआ था। यह दिन इंग्लिश कैलेंडर के हिसाब से अप्रैल महीने में पड़ता है। उनके जन्मदिन को महावीर जयंती के तौर पर मनाया जाता है। महावीर एक राजकुमार थे और उनके माता-पिता ने उनका नाम वर्धमान रखा था। एक राजा के बेटे होने के नाते, उनके पास दुनियावी सुख-सुविधाएँ और सेवाएँ थीं। लेकिन तीस साल की उम्र में, उन्होंने अपना परिवार और शाही घराना छोड़ दिया, दुनियावी चीज़ें छोड़ दीं, और दर्द, दुख और तकलीफ़ों को खत्म करने का हल ढूंढने के लिए साधु बन गए। महावीर ने अपनी इच्छाओं, भावनाओं और आसक्तियों पर काबू पाने के लिए अगले साढ़े बारह साल गहरी शांति और ध्यान में बिताए। उन्होंने जानवरों, पक्षियों और पौधों सहित दूसरे जीवों को नुकसान पहुँचाने या परेशान करने से बहुत सावधानी से परहेज़ किया। वह लंबे समय तक बिना खाए भी रहे। वह सभी असहनीय मुश्किलों के बावजूद शांत और स्थिर रहे, इसलिए उन्हें महावीर नाम दिया गया, जिसका मतलब है बहुत बहादुर और हिम्मतवाला। इस दौरान, उनकी आध्यात्मिक शक्तियाँ पूरी तरह से विकसित हुईं और आखिर में उन्हें सही समझ, ज्ञान, शक्ति और आनंद का एहसास हुआ। इस एहसास को केवल ज्ञान या पूर्ण ज्ञान के रूप में जाना जाता है। महावीर ने अगले तीस साल नंगे पैर पूरे भारत में घूमते हुए लोगों को उस शाश्वत सत्य का उपदेश दिया जिसे उन्होंने महसूस किया था। उनकी शिक्षा का आखिरी मकसद यह है कि कोई जन्म, जीवन, दर्द, दुख और मौत के चक्कर से पूरी तरह आज़ादी कैसे पा सकता है, और खुद की हमेशा की खुशी वाली हालत कैसे पा सकता है। इसे मुक्ति, निर्वाण, पूरी आज़ादी या मोक्ष भी कहते हैं। महावीर ने समझाया कि हमेशा से, हर जीव (आत्मा) अपनी अज्ञानता की वजह से कर्म के एटम के बंधन में है। फिर ये कर्म हमारे अच्छे या बुरे कर्मों से लगातार जमा होते रहते हैं। कर्म के असर में, आत्मा को चीज़ों और चीज़ों में सुख ढूंढने की आदत हो जाती है। यही मतलबी हिंसक विचारों, कामों, गुस्सा, नफ़रत, लालच और ऐसी दूसरी बुराइयों की गहरी जड़ है। इनसे कर्म और जमा होते हैं। महावीर ने उपदेश दिया कि सही विश्वास (सम्यक दर्शन), सही ज्ञान (सम्यक ज्ञान), और सही आचरण (सम्यक चरित्र) मिलकर ही खुद के कर्मों से मुक्ति पाने का असली रास्ता है। जैन लोगों के लिए सही व्यवहार के केंद्र में पाँच महान व्रत हैं: अहिंसा किसी भी जीव को नुकसान न पहुँचाना सत्य सिर्फ नुकसान न पहुँचाने वाला सच बोलना चोरी न करना (असेत्य) जो चीज़ ठीक से न दी गई हो उसे न लेना पवित्रता (ब्रह्मचर्य) इंद्रिय सुख में लिप्त न होना अपरिग्रह लोगों, जगहों और भौतिक चीज़ों से पूरी तरह अलग रहना जैन लोग इन व्रतों को अपने जीवन का केंद्र मानते हैं। ये व्रत नॉन एब्सोल्यूटिज़्म (अनेकांतवाद) और रिलेटिविटी के सिद्धांत (स्याद्वाद) को माने बिना पूरी तरह से लागू नहीं किए जा सकते। साधु-सन्यासी इन व्रतों का सख्ती से और पूरी तरह से पालन करते हैं, जबकि आम लोग इन व्रतों का पालन अपनी जीवनशैली के हिसाब से करते हैं। महावीर के हिसाब से आध्यात्मिक तरक्की के मामले में, पुरुष और महिला दोनों बराबर हैं। त्याग और मुक्ति के लालच ने महिलाओं को भी अपनी ओर खींचा। कई महिलाओं ने महावीर के रास्ते पर चलकर परम सत्य और खुशी की तलाश में दुनिया छोड़ दी। इस तरह, जैन धर्म के सिद्धांतों को अगर सही नज़रिए से ठीक से समझा जाए और ईमानदारी से उनका पालन किया जाए, तो वे इस जीवन में संतोष, अंदरूनी खुशी और आनंद लाएंगे। यह भविष्य के पुनर्जन्मों में आत्मा को एक ऊंचे आध्यात्मिक स्तर तक ले जाएगा, आखिरकार पूर्ण ज्ञान प्राप्त करेगा, शाश्वत आनंद की अपनी आखिरी मंज़िल तक पहुंचेगा, और जन्म और मृत्यु के सभी चक्रों को खत्म करेगा। महावीर ने अमीर और गरीब, राजा और आम लोग, पुरुष और महिलाएं, राजकुमार और पुजारी, छूने वाले और अछूत, सभी तरह के लोगों को अपनी ओर खींचा। उन्होंने अपने अनुयायियों को चार तरह के ग्रुप में बांटा, यानी साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका। इस ग्रुप को जैन संघ के नाम से जाना जाता है। भगवान महावीर के उपदेश उनके करीबी शिष्यों ने आगम सूत्रों में बोलकर लिखे थे। ये आगम सूत्र मौखिक रूप से आने वाली पीढ़ियों को दिए गए। समय के साथ कई आगम सूत्र खो गए हैं, नष्ट हो गए हैं, और कुछ में बदलाव किया गया है। लगभग एक हज़ार साल बाद आगम सूत्रों को ताड़पत्री (एक पत्तेदार कागज़ जो उन दिनों भविष्य के लिए रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के लिए इस्तेमाल किया जाता था) पर रिकॉर्ड किया गया था। श्वेतांबर जैन ने इन सूत्रों को उनकी शिक्षाओं का असली रूप माना है, जबकि दिगंबर जैन ने इसे असली नहीं माना।

## टेलर-कैटरीना की जोड़ी ने जीता मियामी ओपन महिला डबल्स का खिताब

**मियामी ।** अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा ने मियामी ओपन महिला डबल्स का खिताब अपने नाम किया। टेलर-कैटरीना की जोड़ी ने फाइनल मुकाबले में इटली की सारा एरानी और जैस्मीन पाओलिनी की जोड़ी को 7-6 ( 0 ), 6-1 से हराया। इस जीत के साथ टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा 'सनशाइन डबल' पूरा करने वालीं साल 2019 के बाद पहली जोड़ी बन गई हैं। साल 2019 में यह खास उपलब्धि एलिस मर्टेनस और आर्यना सबालेंका की जोड़ी ने हासिल की थी। टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा की जोड़ी सनशाइन डबल पूरा करने



वाली छठी महिला जोड़ी बनी है। इससे पहले यह मुकाम जाना नोवोत्ना और हेलेना सुकोवा ( 1990 ), लिसा रेमंड और रेने स्टब्स ( 2002 ), लिसा रेमंड और सामंथा स्टोसुर ( 2006, 2007 ), मार्टिना हिंगिस और सानिया मिर्जा ( 2015 ), एलिस मर्टेनस और आर्यना सबालेंका ( 2019 ) की जोड़ी हासिल कर चुकी हैं। नथासा जेवरवा ( 1997 ), हिंगिस ( 1999 ), और बेथानी माटेक-सैंड्स ( 2016 ) ने अलग-अलग पार्टनर के साथ एक ही साल में दोनों टूर्नामेंट जीते हैं। टाउनसेंड और सिनियाकोवा ने एक साथ यह अपना पांचवां खिताब जीता है, जिसमें दो ग्रैंड स्लैम ( 2024 विंबलडन और 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन ) शामिल हैं। इस जीत के बाद टाउनसेंड और सिनियाकोवा डबल्स रेस में एक स्थान ऊपर चढ़कर नंबर 3 पर पहुंच जाएंगी, जबकि एरानी और पाओलिनी नंबर 8 से नंबर 6 पर पहुंच सकती हैं। ट्रॉफी वितरण के दौरान सिनियाकोवा ने टाउनसेंड का साथ खेलने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, 'मेरे साथ खेलने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। इसलिए मेरे साथ खेलने और इस टूर्नामेंट को मजेदार बनाने के लिए धन्यवाद।

## गजनफर के लिए निराशाजनक रहा डेब्यू मुकाबला, स्पेल फेंकने का शर्मनाक रिकॉर्ड

**मुंबई ।** आईपीएल 2026 के दूसरे मुकाबले में रविवार को मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स ( केकेआर ) को 6 विकेट से हराया। हालांकि, मुंबई की ओर से आईपीएल में अपना डेब्यू करने वाले अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज अल्लाह गजनफर के लिए यह मुकाबला निराशाजनक रहा। इस लीग में डेब्यू करते हुए गजनफर ने दूसरे सबसे महंगा स्पेल डालने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कराया। अल्लाह गजनफर ने केकेआर के खिलाफ अपने चार ओवर के स्पेल में बिना कोई विकेट चटकाए 51 रन खर्च किए। अफगानी गेंदबाज ने 12.80 की इकोनॉमी से रन खर्च किए। आईपीएल के डेब्यू मुकाबले में सबसे महंगा स्पेल फेंकने का शर्मनाक रिकॉर्ड प्रयास रे बर्मन के नाम दर्ज है। उन्होंने साल 2019 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेलते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 4 ओवर में 56 रन दिए थे।



हॉकी इंडिया ने की सीनियर महिला नेशनल कोचिंग कैंप की घोषणा

# 31 खिलाड़ियों को किया शामिल

**नई दिल्ली ।** हॉकी इंडिया ने 1 से 9 अप्रैल 2026 तक महिला नेशनल कोचिंग कैंप आयोजित करने की घोषणा की है। यह कैंप भारतीय महिला हॉकी टीम की आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स की तैयारियों के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। भारतीय टीम ने हाल ही में एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता था। टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन के बूते ही भारतीय टीम ने एफआईएच हॉकी महिला वर्ल्ड कप 2026 के लिए भी क्वालीफाई किया, जो बेल्जियम और नीदरलैंड्स में खेला जाना है। इस कोचिंग कैंप में खिलाड़ियों के फिटनेस स्तर को बेहतर बनाने, टीम संयोजन तैयार करने और रणनीतिक कौशल को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। टीम नए कोच शोर्ड मारिन की देखरेख में अपनी तैयारियों को आगे बढ़ाएगी। भारतीय टीम के सामने इस साल व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है। टीम जून में एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2026 में हिस्सा लेगी, इसके बाद अगस्त में महिला वर्ल्ड कप और फिर 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान में होने वाले एशियन गेम्स 2026 में चुनौती पेश करेगी। यही कारण है कि इस कैंप का महत्व काफी अहम होगा।

गोलकीपिंग यूनिट में सविता, माधुरी किंडो, बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम हैं, जिन्हें हाल ही में हॉकी



इंडिया 8वें सालाना अवॉर्ड्स 2025 में गोलकीपर ऑफ द ईयर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह अवॉर्ड मिला था। डिफेंस लाइनअप में निक्की प्रधान और उदिता जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को रखा गया है। इसके साथ ही इशिका चौधरी, ज्योति सिंह, लालथंतलुआंगी और शिल्पी डबास भी हैं, जो बैक में काफी गहराई देती हैं। मिडफील्ड में कैप्टन सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरामबम, मनीषा चौहान, वैष्णवी विट्ठल फाल्के और नेहा हैं, जिन्हें हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा अवॉर्ड फॉर अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर मिला है। इनके साथ-साथ सुनीता टोप्पो और इशिका जैसे उभरते हुए टैलेंट का साथ मिला।

फॉरवर्ड लाइन में एक मजबूत अटैकिंग लाइनअप है। इसमें नवनीत कौर शामिल हैं, जिन्होंने हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर ( महिला ) जीता। इसके साथ ही दीपिका, लालरेमसियामी, मुमताज खान, दीपिका सोरेंग, रुतजा दादासो पिसल, बलजीत कौर, अन्नू, ब्यूटी डुंगडुंग, हिना बानो, सोनम और संगीता कुमारी भी हैं। कैंप को लेकर कोच मारिन ने कहा कि यह टीम के लिए अगले चुनौतीपूर्ण सीजन की तैयारी का महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने बताया कि टीम का लक्ष्य खेल में निरंतरता लाना, बेहतर तालमेल बनाना और बड़े टूर्नामेंट्स के दबाव में बेहतर प्रदर्शन करना है। भारतीय टीम इस कैंप के जरिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने की कोशिश करेगी, ताकि आने वाले वर्ल्ड कप और एशियन गेम्स जैसे बड़े मंचों पर मजबूत प्रदर्शन किया जा सके।

### कैंप के लिए भारतीय टीम का स्क्वॉड

- **गोलकीपर :** सविता, माधुरी किंडो, बिचू देवी खारीबाम, बंसरी सोलंकी
- **डिफेंडर :** निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, ज्योति सिंह, लालथंतलुआंगी, ज्योति, उदिता, शिल्पी डबास
- **मिडफील्डर :** सुशीला चानू पुखरामबम, मनीषा चौहान, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, सलीमा टेटे, नेहा, इशिका
- **फॉरवर्ड :** दीपिका सोरेंग, रुतजा दादासो पिसल, बलजीत कौर, नवनीत कौर, दीपिका, अन्नू, ब्यूटी डुंगडुंग, हिना बानो, सोनम, लालरेमसियामी, मुमताज खान, संगीता कुमारी।

## कुंबले ने की रोहित की तूफानी पारी की जमकर तारीफ, बाकी टीमों की बढ़ सकती है मुश्किलें

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व स्पिन गेंदबाज अनिल कुंबले ने रोहित शर्मा की जमकर तारीफ की है। आईपीएल 2026 के दूसरे मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ( केकेआर ) के खिलाफ रोहित ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 38 गेंदों में 78 रनों की दमदार पारी खेली। कुंबले ने कहा कि रोहित इस सीजन 2.0 अवतार में आए हैं, जिसके कारण बाकी टीमों की चिंताएं बढ़ सकती हैं। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अपनी 78 रनों की पारी में 6 चौके और 6 छक्के लगाए। रोहित ने अपना अर्धशतक सिर्फ 23 गेंदों में पूरा किया, जो आईपीएल में उनका सबसे तेज अर्धशतक भी है। कुंबले ने 'जियोस्टार' पर कहा, 'रोहित शर्मा अपने 2.0 अवतार में आ गए हैं और उनकी पारी से पता चलता है कि वह फिर से हावी होने के लिए तैयार हैं। जिस तरह से उन्होंने गेंद को ग्राउंड के चारों ओर मारा, उसे देखकर मुझे उनकी प्राइम फॉर्म याद आ गई। वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन और ब्लेसिंग मुजारबानी जैसे गेंदबाजों के खिलाफ छक्के मारना आसान नहीं है, लेकिन उन्होंने इसे बेहद आसान बना दिया।' रोहित ने अपनी पारी के दौरान आईपीएल में अपना 50वां अर्धशतक भी लगाया। वह यह मुकाम हासिल करने वाले चौथे बल्लेबाज बने।



## 2013 से चला आ रहा पहले मैच में हार का सिलसिला थमा

**मुंबई।** आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस (एमआई) ने अपने सफर का आगाज जीत के साथ किया है। रोहित शर्मा और रयान रिकल्टन की धमाकेदार पारियों की बदौलत एमआई ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 6 विकेट से हरा दिया। 2012 के बाद से एमआई ने पहली बार किसी सीजन का पहला मुकाबला जीता है। जीत के लिए 221 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमआई को रोहित शर्मा और रयान रिकल्टन ने धमाकेदार शुरुआत दी। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 11.5 ओवर में 148 रन की साझेदारी की। रोहित पहले विकेट के रूप में 78 रन बनाकर आउट हुए। 38 गेंदों की अपनी पारी में रोहित ने 6 चौके और 6 छक्के लगाए। रोहित ने 23 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की। आईपीएल में उनका यह सबसे तेज अर्धशतक है। रोहित का आईपीएल का यह 50वां अर्धशतक भी था। रिकल्टन ने भी 43 गेंदों पर 8 छक्कों और 4 चौकों की मदद से 81 रन की पारी खेली। सूर्यकुमार यादव 8 गेंदों पर 16 रन बनाकर आउट हुए। तिलक वर्मा ने 14 गेंदों में 20 रन की पारी खेली। हार्दिक 11 गेंदों पर 18 और नमन धीर 2 गेंदों पर 5 रन बनाकर नाबाद रहे। एमआई ने 20वें ओवर की पहली गेंद पर जीत दर्ज की। एमआई ने 4 विकेट पर



224 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीता।

केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा, कार्तिक त्यागी और सुनील नरेन ने 1-1 विकेट लिए। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर ने 4 विकेट पर 220 रन बनाए थे।



# 116 डॉलर प्रति बैरल के पार कच्चा तेल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कच्चे तेल की कीमत 116 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने के बावजूद भारत में पेट्रोल-डीजल के उपभोक्ताओं के लिए आज भी राहत है। भारत पेट्रोलियम समेत ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के रेट नहीं बढ़ाए हैं। आज 30 मार्च की सुबह छह बजे जारी रेट के मुताबिक दिल्ली में इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंपों पर सामान्य पेट्रोल की रिटेल कीमत 94.77 और डीजल 87.67 रुपये लीटर है। जबकि पेट्रोल 101.89 और ङ्गत्त डीजल 91.49 रुपये प्रति लीटर है। भारत में सबसे सस्ता तेल पोर्ट ब्लेयर में पेट्रोल 82.46 प्रति लीटर है तो डीजल 78.05 प्रति लीटर।

पश्चिम एशिया युद्ध अब और खतरनाक मोड़ ले चुका है। यमन के हूती विद्रोहियों के इस युद्ध में कूदने



और अमेरिका द्वारा अतिरिक्त सैनिक तैनात करने से कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है। ब्रेंट क्रूड की कीमत 3 प्रतिशत से ज्यादा उछलकर 116.50 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई, जो इस महीने का सबसे ऊंचा स्तर है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक यमन के हूती विद्रोहियों ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है और साफ कहा है कि वे तब तक हमले जारी रखेंगे जब तक ईरान और उसके सहयोगियों पर कार्रवाई नहीं रुकती। इससे यह साफ संकेत मिला है कि युद्ध अब सिर्फ सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे क्षेत्र में फैल सकता है। ईरान ने दुनिया के सबसे अहम तेल मार्ग होर्मुज स्ट्रेट पर लगभग पूरा नियंत्रण कर लिया है।अधिकांश जहाजों की आवाजाही रोक दी गई है।

## रॉकेट बना महामाया लाइफ साइंसेज शेयर, विजय केडिया ने खरीदे हैं कंपनी के और शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार में भूचाल के बाद भी एक छोटी कंपनी महामाया लाइफ साइंसेज के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। महामाया लाइफ साइंसेज के शेयर सोमवार को में 8 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 168.65 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 5 दिन में कंपनी के शेयरों में 19 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक विजय केडिया ने महामाया लाइफसाइंसेज पर अपना दांव लगाया है। केडिया ने कंपनी के और शेयर खरीदे हैं। महामाया लाइफसाइंसेज लिमिटेड, पेस्टिसाइड्स एंड एग्रोकेमिकल्स इंडस्ट्री से जुड़ी है। दिग्गज इनवेस्टर विजय केडिया ने महामाया लाइफसाइंसेज पर अपना दांव बढ़ाया है। केडिया ने कंपनी के 1.69 लाख शेयर और खरीदे हैं। इतने शेयर कंपनी में 0.72 पर्सेंट हिस्सेदारी के बराबर है। विजय केडिया ने अपनी इनवेस्टमेंट फर्म केडिया सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड के जरिए यह शेयर खरीदे हैं। केडिया ने 146.36 रुपये प्रति शेयर के दाम पर ये शेयर खरीदे। इस ट्रांजैक्शन की टोटल वैल्यू 2.48 करोड़ रुपये रही। इससे पहले, विजय केडिया की इनवेस्टमेंट फर्म केडिया सिक्योरिटीज ने 140 रुपये प्रति शेयर के एवरेज प्राइस पर करीब 8.92 लाख शेयर खरीदे थे। 1.69 लाख शेयर खरीदने के बाद महामाया लाइफसाइंसेज में केडिया की हिस्सेदारी बढ़कर 4.53 पर्सेंट पहुंच गई है। 18 नवंबर 2025 के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक, कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 56.35 पर्सेंट है, जबकि पब्लिक शेयरहोल्डिंग 43.65 पर्सेंट है।

## एयरटेल और टाटा टेलीसर्विसेज को देने होंगे 10000 करोड़ रुपये, वीआई को राहत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकॉम ने एजीआर बकाया से जुड़े नियमों की घोषणा कर दी है। भारती एयरटेल और टाटा टेलीसर्विसेज को करीब 10,000 करोड़ रुपये सरकार को एजीआर बकाया के तौर पर भुगतान करने होंगे। यह बकाया राशि 31 मार्च तक सरकार को देना है। वोडाफोन आइडिया को एजीआर बकाया में राहत मिलने की उम्मीद है। ईटी की रिपोर्ट के अनुसार इन टेलीकॉम कंपनियों को सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार किस्तों में पैसा जमा करना होगा। ऐसा ना करने की स्थिति में यह कोर्ट की अवमानना होगी।

### आज फोकस में वोडाफोन के शेयर


शुक्रवार को बाजार के बंद होने के समय पर वोडाफोन आइडिया का शेयर 1.66 प्रतिशत की गिरावट के बाद 8.90 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 28 प्रतिशत की तेजी आई है।

### एयरटेल ने लिखा था पत्र

भारती एयरटेल ने डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकॉम को पत्र लिखा था। जिसमें उन्होंने वोडाफोन की तरह एजीआर बकाया पर रिएसेसमेंट की मांग की थी। इस पत्र के जवाब में डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकॉम ने साफ कर दिया था कि जिन्हें भी छूट चाहिए वो सुप्रीम कोर्ट जाएं। फिलहाल कोई भी टेलीकॉम कंपनी कोर्ट नहीं गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारती एयरटेल को 5000 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। वहीं, टाटा टेलीसर्विसेज को 4000 करोड़ रुपये से अधिक का पेमेंट करना होगा।

# सोने-चांदी के भाव में गिरावट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एमसीएक्स पर सोने का भाव आज गिरावट के साथ 1,44,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला और सोमवार को इंट्राडे के निचले स्तर पर पहुंच गया। सोने में निचले स्तर पर मूल्य खरीदारी देखी गई और यह 1,43,775 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास आ गई, जो शुक्रवार के 1,44,282 रुपये के करीब 500 रुपये नीचे है। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोमवार, 30 मार्च को सोना और चांदी की कीमतों में तेज गिरावट देखने को मिली। अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध पांचवें हफ्ते में पहुंच गया है, जिससे बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक इसी दबाव के चलते आज सोना करीब 1.38 प्रतिशत गिरकर 4,462 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि चांदी 2 प्रतिशत टूटकर 68.3 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गई।



### कीमतों में गिरावट की बड़ी वजह क्या है

हालांकि, हाल के दिनों में सोने में भारी गिरावट आई है, लेकिन अब कुछ निवेशक सस्ते दाम पर खरीदारी कर रहे हैं। इसके बावजूद बाजार में चिंता बनी हुई है कि अगर युद्ध लंबा चला, तो दुनिया के केंद्रीय बैंक अपने गोल्ड रिजर्व बेच सकते हैं या फिर महंगाई काबू करने के लिए ब्याज दरें बढ़ा सकते हैं। ब्याज दर बढ़ने से सोना जैसे बिना ब्याज वाले निवेश पर दबाव पड़ता है। युद्ध खत्म करने के लिए पाकिस्तान, मिस्र और सऊदी जैसे देशों के बीच बातचीत हुई, लेकिन जमीन पर हालात अब भी तनावपूर्ण हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)